आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 344 | इंदौर, शनिवार 11 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण 12 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### पीएम मोदी ऑस्ट्रेलिया से न्यूजीलैंड पहुंचे दोनों देश एफटीए डील फाइनल करेंगे

**ऑकलैंड।** पीएम मोदी अपने छह दिवसीय दौरे के अंतिम चरण में न्यूजीलैंड पहुंच गए। यह 40 साल बाद किसी भारतीय पीएम की न्यूजीलैंड यात्रा है। इससे पहले 1986 में राजीव गांधी न्यूजीलैंड के दौरे पर गए थे। पीएम के दौरे की शुरूआत न्यूजीलैंड सरकार के साथ द्विपक्षीय बातचीत से शुरू होगी। इस दौरान दोनों देश एफटीए समझौते को फाइनल करेंगे। साथ ही पीएम एक बिजनेस इवेंट और फिर एक स्पोर्टिंग इवेंट में शामिल होंगे। इसके बाद पीएम ऑकलैंड में 40 हजार भारतीयों को भी संबोधित करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पहली बार अपनी बिग बैश लीग भारत ला रहा है। इस साल 12 दिसंबर को चेन्नई में मेलबर्न रेनेगेड्स और पर्थ स्कॉर्चर्स के बीच सीजन का पहला मैच खेला जाएगा।

### स्पेन के जंगल में आग लगने से 12 की मौत, 4 लोग कार में जिंदा जले

**मैड्रिड।** स्पेन के दक्षिणी हिस्से में एंडालूसिया के लॉस गैलार्डोस में शुक्रवार को जंगल की भीषण आग में 12 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 19 लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों के मुताबिक 8 लोग घायल हुए हैं, जिनमें चार की हालत गंभीर बताई गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, एक गाड़ी में चार लोग जिंदा जल गए। उनकी कार का स्टीयरिंग व्हील दाईं ओर था, जिससे वे ब्रिटिश लग रहे थे। वहीं, अपनी कारें छोड़ भागने की कोशिश कर रहे 7 लोग भी मृत पाए गए। अधिकारियों ने बताया कि वे निर्धारित निकासी मार्ग की बजाय दूसरे रास्ते से निकलने की कोशिश कर रहे थे और वहीं उनकी मौत हो गई। एंडालूसिया की इमरजेंसी सर्विस ने शुरूआती कॉल के आधार पर बताया कि बिजली की गिरी हुई वायर से आग लगी, जो तेजी से जंगल में फैल गई।

### वकील ने सीजेआई का नाम लेकर अपशब्द कहे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान एक वकील ने हंगामा किया। सीजेआई सूर्यकांत को अपशब्द कहे और फाइल भी फेंकी। इस दौरान सीजेआई कोर्ट रूम में मौजूद नहीं थे। यह घटना जस्टिस केवी विश्वनाथन, जस्टिस आलोक अराधे की बेंच के सामने हुई। हंगामे के बाद कोर्ट के आदेश पर सिक्योरिटी ने वकील को तुरंत बाहर निकाल दिया। जब उस याचिकाकर्ता वकील ने अभद्रता शुरू की, तब कोर्ट रूम में कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया। दिल्ली पुलिस वकील को पूछताछ के लिए ले गई है। जिस वकील ने हंगामा किया उसका नाम प्रबल प्रताप था। वह इलाहाबाद हाईकोर्ट से अपनी रिट याचिका खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

### चेक बाउंस केस में राजपाल यादव को जेल



**शाहजहांपुर/दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव के चेक बाउंस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने उन्हें तीन महीने की जेल की सजा सुनाई। हाईकोर्ट ने चेक बाउंस के 7 मामलों में से हर एक में उन्हें तीन महीने जेल की सजा सुनाई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। जस्टिस स्वर्णकांता ने अफसरों से राजपाल को जेल भेजने के लिए कहा। राजपाल यादव का रवैया संदिग्ध है। उन्हें अपना वादा निभाने और कंपनी का कर्ज वापस करने के लिए कई मौके दिए गए, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके। एक्टर को अगले तीन महीने जेल में ही गुजारने होंगे। हाईकोर्ट ने कहा कि कानून कोई ऐसी पटकथा नहीं है, जिसे कोई अभिनेता अपनी इच्छा के मुताबिक बदल दे। कोर्ट ने कहा कि एक्टर को हर मामले में शिकायतकर्ता को 1.05 करोड़ रुपए देना होगा। यानी कुल 7 करोड़ 35 लाख रुपए चुकाने होंगे। जज ने साफ किया कि एक्टर करीब 2 करोड़ रुपए पहले ही दे चुके हैं, इस राशि को एडजस्ट किया जाएगा।

### गरीब रथ में महिला यात्री को सांप काटने से मची सनसनी

**मेदिनीनगर (पलामू)।** गरीब रथ एक्सप्रेस के एसी कोच में एक महिला को कथित सर्पदंश की आशंका ने रेलवे की सुरक्षा और रखरखाव व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल है और लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि यदि वातानुकूलित कोच तक जहरीले जीव पहुंच सकते हैं तो यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा। बैरिया निवासी रिमझिम सिंह डाल्टनगंज से नई दिल्ली जाने के लिए गरीब रथ एक्सप्रेस की जी-12 बोगी में सवार हुई थीं। ट्रेन खुलने के करीब 15 मिनट बाद उन्हें तेज पसीना आने लगा, घबराहट हुई और पैर में असहनीय दर्द शुरू हो गया। पैर पर बने दो दांत जैसे निशान की तस्वीर उन्होंने अपने भाई को भेजी। डॉक्टर ने तस्वीर देखने के बाद सर्पदंश की आशंका जताई।

### ट्रक-कार की भीषण भिड़ंत में तीन युवकों की मौत, कार में फंसे रहे शव

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर में नेशनल हाईवे- 62 पर शुक्रवार की दोपहर ट्रक और कार में आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई. हादसे में जेन कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना जिले के चूनावढ़ थाना क्षेत्र में नेतेवाला गांव से गुजर रहे नेशनल हाईवे- 62 (श्रीगंगानगर- सिरोही) पर दोपहर करीब साढ़े 3 बजे हुई। पुलिस के अनुसार, ट्रक और कार दोनों में आमने-सामने की टक्कर हुई। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में मोनू वर्मा (25) पुत्र रायसाहब निवासी बींझबायला, कुलदीप सिंह (25) निवासी बींझबायला व प्रदीप लूणा (23) निवासी श्रीगंगानगर की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों युवकों के शव गाड़ी में बुरी तरह फंस गए और मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला।

---

उज्जैन-जावरा 4 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे निर्माण के बाद औद्योगिक और आर्थिक क्षेत्र की समृद्धि भी तेजी से आगे बढ़ेगी

## मप्र भी पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास के रास्ते पर तेजी से बदल रहा : सीएम यादव

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को 5017 करोड़ रुपए की लागत से 98.730 कि.मी. लंबाई के उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बदलते भारत में मध्यप्रदेश भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के रास्ते पर तेजी से बदल रहा है। नागदा में पिछली बार कार्यक्रम के दौरान जो संकल्प लिया था, उसी संकल्प के माध्यम से आज उज्जैन-जावरा 4 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे की सौगात मिली है। इस मार्ग के बनने से नागदा नहीं, पूरे जिले के लिए इतिहास बनेगा।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर 5017 करोड़ रुपए की लागत से 98.730 कि.मी. लंबाई के उज्जैन-जावरा 4 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे का भूमि पूजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागदा में नवीन आईटीआई कॉलेज और चंबल नदी पर डेम बनाने की घोषणा भी की।

### सिंहस्थ से पहले तैयार होगा 4 लेन- गहलोत

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहा कि आज नागदा को बहुत-सी सौगातें मिली हैं। यह सभी सौगातें केंद्र सरकार, राज्य सरकार और प्रशासन के माध्यम से मिली हैं। राज्यपाल गहलोत ने कहा कि नागदा क्षेत्र में सड़क की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब यह फोरलेन सड़क मार्ग सिंहस्थ महापर्व के पहले तैयार हो जाएगा। जिसका लाभ नागदावासियों के साथ सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को भी मिलेगा। राज्यपाल गहलोत ने कहा कि नागदा में केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ भी आज हुआ है। अगले माह 3 अगस्त से इस विद्यालय में कक्षाएं भी प्रारंभ हो जाएंगी। केंद्रीय विद्यालय का नवीन भवन बनने तक विद्यालय किराए के भवन में संचालित होगा, जिसका किराया औद्योगिक इकाइयों द्वारा वहन किया जाएगा।

### सिंहस्थ में श्रद्धालुओं के लिए सुविध बढ़ा रहे

मुख्य अतिथि सीएम यादव ने कहा कि नागदा और आसपास के क्षेत्र में आगे भी कई कार्य इस मार्ग निर्माण के बाद प्रारंभ होंगे। औद्योगिक और आर्थिक क्षेत्र की समृद्धि भी तेजी से आगे बढ़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2028 में सिंहस्थ महापर्व का विश्वस्तरीय आयोजन होना है। सिंहस्थ में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हमारी सरकार सुविधा और विकास के कई कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम संभाग के साथ राज्यों के साथ तालमेल कर सिंहस्थ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधा बढ़ा रहे हैं, जिससे सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को बाल बराबर भी परेशानी नहीं होगी।

---

श्रद्धालुओं का रूझान बाबा बर्फानी के दर्शन को लेकर बढ़ा

## पिछले साल के मुकाबले 30 फीसदी बढ़े श्रद्धालु

**एजेंसी ▶▶ जम्मू**

बाबा बर्फानी की यात्रा में अमरनाथ की गुफा के दर्शन पिछले साल के मुकाबले 30 प्रतिशत से ज्यादा श्रद्धालु पहले 6 दिनों में शिरकत कर नया रिकार्ड बना चुके हैं। पवित्र गुफा में यात्रा आरंभ होने के पांचवें दिन से ही प्रतिकात्मक हिमलिंग शेष है। यही कारण था कि इस यात्रा में अभी तक यह बात अलग है कि यात्रा में शामिल होने का रिकार्ड बनाने वाले सभी श्रद्धालुओं का एकमात्र मकसद हिमलिंग के जल्द से जल्द दर्शन करना था।

अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार शाम 7 बजे तक गुफा में 1,42,861 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए थे, जबकि पिछले साल इसी समय तक 1,11,975 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए थे। यानी तीर्थयात्रियों की संख्या में 30,886 की बढ़ोतरी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि अकेले बुधवार को 29,047 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इनमें 18,362 पुरुष, 9,737 महिलाएं, 404 बच्चे, 181 साधु, 13 साध्वियां, 11 ट्रांसजेंडर श्रद्धालु और 339 सुरक्षाकर्मी शामिल थे। जबकि सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक, एक दिन में 15 हजार से ज्यादा श्रद्धालु गुफा के दर्शन नहीं कर सकते।

### पहले दर्शन की चाह में अमरनाथ यात्रा का नया रिकार्ड बन गया



### तीर्थयात्रियों का आना-जाना जोरों पर रहेगा

- 57 दिनों की अमरनाथ यात्रा 2026, 3 जुलाई को शुरू हुई और 28 अगस्त को खत्म होने वाली है। यह यात्रा कई स्तरों वाली सुरक्षा व्यवस्था के तहत की जा रही है, जिसमें प्रशासन, पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य विभागों का लॉजिस्टिकल सहयोग मिल रहा है।
- यात्रा 28 अगस्त को खत्म होने वाली है, इसलिए अधिकारियों को उम्मीद है कि आने वाले हफ़्तों में भी तीर्थयात्रियों का आना-जाना जोरों पर रहेगा। शुरूआत में ही बड़ी संख्या में लोगों के आने से यह उम्मीद और मजबूत हो गई है कि अगर मौजूदा ट्रेंड बिना किसी रुकावट के जारी रहा, तो 2026 की तीर्थयात्रा हाल के सालों में सबसे ज्यादा लोगों के शामिल होने वाले आयोजनों में से एक हो सकती है।

## सैटेलाइट इमेज में राजस्थान-गुजरात से बादल गायब

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

देश ने पूरे मानसून को कवर कर लिया है, लेकिन आज सामने आई तस्वीरें परेशान करने वाली हैं। मौसम विभाग की सैटेलाइट इमेज में मध्य भारत में मानसून ज्यादा एक्टिव है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर तक बादल हैं। दूसरी ओर, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी हिस्सों में बादल कम हैं। यहां आने वाले दिनों में बारिश की कम संभावनाएं दिख रही हैं।

देश के मानसून के लिए एक और बुरी खबर है। फिलीपींस के पास प्रशांत महासागर में सुपर टायफून 'बावी' बना है। यह ताइवान और चीन की ओर बढ़ रहा है।

## राममंदिर चढ़ावा चोरी- दान गिनने वाले 23 कर्मचारियों का इस्तीफा

सुप्रीम कोर्ट में 13 जुलाई को सुनवाई

**एजेंसी ▶▶ अयोध्या**

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट 13 जुलाई को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच 3 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। याचिकाओं में जांच सीबीआई को सौंपने और एसआईटी के गठन के मांग की गई है। साथ ही, मंदिर में दान के प्रबंधन से जुड़े अलग-अलग विषयों की समीक्षा के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाने की भी मांग की गई है।

इधर, मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले 23 कर्मचारियों ने गुरुवार को एक साथ इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि चोरी की घटना के बाद 10-20 रुपए के नोट बढ़ गए हैं, जिससे गिनती में ज्यादा समय लग रहा है। पहले 500 रुपए के नोटों की 70-80 गड्डियां बन जाती थीं, अब बमुश्किल 15 गड्डियां बन रही हैं।

पहले काम दो शिफ्ट में होता था, लेकिन अब सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक एक ही शिफ्ट कर दी गई है। वेतन वही है और काम के घंटे बढ़ गए हैं। अब बैंक के पास सिर्फ 13 गणना कर्मी बचे हैं। चढ़ावा चोरी से माता सीता का मायका 'जानकी मंदिर' भी आहत है। श्रीराम का ससुराल पड़ोसी देश नेपाल के जनकपुर में है। मंदिर के महंत रोशन दास ने कहा कि भगवान श्रीराम के किसी मंदिर में ऐसी घटना न कभी देखी, न सुनी।

## दिसंबर में बांग्लादेश लौटूंगी, कोर्ट में सरेंडर करूंगी : शेख हसीना

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि वह दिसंबर में भारत से बांग्लादेश देश लौटेंगी और कोर्ट में सरेंडर करेंगी। उन्होंने कहा कि उनके साथ अवामी लीग के कई सीनियर नेता भी बांग्लादेश लौटकर आत्मसमर्पण करेंगे। हसीना ने कहा कि अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर लगातार कार्रवाई हो रही है। उनके मुताबिक, लगभग सभी बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं और कई लोग छिपकर रहने को मजबूर हैं। हालांकि, उन्होंने वापसी की सटीक तारीख नहीं बताई।

## ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे

**एजेंसी ▶▶ तेल अवीव**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल किसी भी हाल में ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ जंग अभी खत्म नहीं हुई है और जरूरत पड़ने पर फिर हमला कर सकते हैं।

इजराइली वायुसेना के एक समारोह में नेतन्याहू ने कहा, अगर हमने कार्रवाई नहीं की होती तो ईरान अब तक परमाणु हथियार बना चुका होता। साथ ही, इजराइली मीडिया में दावा किया गया है कि इजराइल ईरान पर फिर हमले के लिए तैयार है, लेकिन अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है। दूसरी ओर, ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई शनिवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आ सकते हैं। ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, वे कोम शहर की हजरत मासूमेह दरगाह में अपने पिता और पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की शोकसभा की अगुवाई करेंगे।

## आगर जिला आपूर्ति कार्यालय का लेखापाल 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया, पेंट जब्त

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

संभागीय लोकायुक्त पुलिस ने आगर-मालवा जिला के जिला खाद्य आपूर्ति कार्यालय के सहायक ग्रेड 3 एवं प्रभारी लेखापाल मनीष कुमार पांडे को सेवा निवृत्त जिला आपूर्ति अधिकारी के पुत्र से 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। आरोपी ने रिश्वत की रकम लेकर पेंट की जेब में रखी थी जिसे दल ने जब्त किया है।

डीएसपी लोकायुक्त दिनेशचंद्र पटेल के अनुसार बुधवार 8 जुलाई को आवेदक विजय कुमार बोरसिया पिता गोवर्धनलाल निवासी जावरा रतलाम ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार यादव को लिखित शिकायत करते हुए बताया था कि उसके पिताजी गोवर्धन लाल, जिला आपूर्ति अधिकारी आगर-मालवा के पद से सेवानिवृत हुए हैं। उनकी सेवा के स्वत्व ग्रेच्युटी, बीमा, अवकाश नकदीकरण आदि का करीब 27 लाख रुपया निकालने के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी आगर-मालवा के कार्यालय के बाबू मनीष कुमार के द्वारा डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायत की पुष्टि की जांच निरीक्षक दीपक सेजवार लोकायुक्त उज्जैन से कराई जाने पर शिकायत सही पाई गई।

---

दमोह में स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट

## तीन लड़कियों सहित 7 लोग गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ जबलपुर**

प्रदेश के दमोह में स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। तीन गुल्ली के स्पा सेंटर से पुलिस ने 3 लड़कियां, 3 कस्टमर और संचालक समेत 7 लोगों को अरेस्ट किया गया है। पकड़ी गई लड़कियां जबलपुर, कोलकाता की बताई जा रही हैं। बताया जाता है कि पुलिस ने जैसे ही स्पा सेंटर पर छापेमारी की तो 3 लड़कियां और 3 कस्टमर आपत्तिजनक हालत में पाए गए। पुलिस ने फौरन गिरफ्तारी की। स्पा सेंटर के संचालक को भी गिरफ्तार किया गया है। स्पा सेंटर में देह व्यापार कराने के लिए जबलपुर और कोलकाता से लड़कियां बुलाई गई थीं। दूसरे स्पा सेंटर्स पर भी छापेमारी की गई है। सीएसपी एचआर पांडे ने बताया कि ये कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। पुलिस को काफी लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि इस स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट चलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस की एक स्पेशल टीम ने स्पा सेंटर पर छापेमारी की।

## 6 महीने में 414 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**एजेंसी ▶▶ मिजोरम**

मिजोरम पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि वर्ष 2026 की पहली छमाही में राज्यभर में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियान में 414.66 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की ड्रग्स और साइकोट्रॉपिक पदार्थ जब्त किए गए। इस दौरान 312 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 57 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

अधिक मात्रा में एथिल अल्कोहल युक्त औषधीय दवाओं के नियम सख्त किए

## बिना डॉक्टर पर्ची के नहीं मिलेंगी दवाइयां

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को अधिक मात्रा में एथिल अल्कोहल (इथेनॉल) युक्त औषधीय फॉर्मूलेशनों (दवाओं) के नियमन को सख्त कर दिया। सरकार ने ऐसे उत्पादों की बिक्री के लिए लाइसेंस और डॉक्टर के पर्चे को अनिवार्य कर दिया है। इस कदम का उद्देश्य इन दवाओं के दुरुपयोग पर रोक लगाना और साथ ही वास्तविक चिकित्सीय जरूरतों के लिए उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

मंत्रालय ने बताया कि इलायची, अदरक और अन्य सुगंधित औषधीय फॉर्मूलेशन की टिंचर (अर्क) जैसी कई औषधीय तैयारियों को पहले अनुसूची-के के तहत लाइसेंस संबंधी आवश्यकताओं से छूट प्राप्त थी। हालांकि, इनमें से कुछ उत्पादों में 80 से 90 प्रतिशत तक एथाइल अल्कोहल होता है, जिससे इनके नशे के उद्देश्य से दुरुपयोग की आशंका रहती है। केंद्र सरकार ने यह भी बताया कि कुछ राज्य सरकारों ने ऐसे उत्पादों के दुरुपयोग को लेकर चिंता जताते हुए इस संबंध में सुझाव और संदर्भ भेजे थे।

इस समस्या के समाधान के लिए सरकार ने तय किया है कि 12 प्रतिशत से अधिक एथाइल अल्कोहल वाली और 30 मिलीलीटर से अधिक पैकिंग में उपलब्ध सभी औषधीय तैयारियां अब अनुसूची-के के तहत मिलने वाली छूट की पात्र नहीं होंगी। इसके परिणामस्वरूप ऐसे उत्पादों के निर्माता और विक्रेताओं को अब औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करना होगा।




### निगरानी और नियंत्रण मजबूत होगा

संशोधन के तहत इन औषधीय तैयारियों को ड्रग्स रूल्स, 1945 की अनुसूची-एच 1 में भी शामिल किया गया है, जिससे ये अधिक कड़े नियामकीय नियंत्रण के दायरे में आ जाएंगी। अनुसूची-एच 1 में शामिल दवाएं केवल पंजीकृत चिकित्सा प्रैक्टिशनर के पर्चे पर ही बेची जा सकेंगी और इनके विक्रय का विस्तृत रिकॉर्ड रखना भी अनिवार्य होगा। मंत्रालय के अनुसार, संशोधित व्यवस्था से अल्कोहल युक्त औषधीय उत्पादों की निगरानी और नियंत्रण मजबूत होगा तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इनकी आपूर्ति केवल विनियमित दवा वितरण प्रणाली के माध्यम से ही हो। इससे इन उत्पादों के दुरुपयोग और गलत इस्तेमाल की आशंका में उल्लेखनीय कमी आएगी जबकि वास्तविक चिकित्सीय जरूरत वाले मरीजों के लिए इनकी उपलब्धता बनी रहेगी।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# मात्र दस्तावेजों तक न सिमटें...

एक बार फिर से शिक्षा दान स्थलों पर घंटियां बजना शुरू हो गई है। इसके साथ ही नन्हें मुन्नों का शिक्षास्थल के निजी परिवहन वाहनों से आवागमन का सिलसिला ग्रामीण से लेकर शहर की संस्था तक में शुरू हो चुका है। परिवहन के वाहनों के संचालन के लिए अन्यानेक नियम एवं कानून हैं उसके साथ ही समय-समय पर प्रदेश स्तर पर भी सरक्यूलर एवं नियम लागू किए गए हैं। हाल ही में कुछ दिनों पूर्व जिला मुख्यालय के उत्तर छोर की तहसील अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में एक वाहन खाई में गिरा था। भली रही भगवान की किसी भी बच्चे को कोई चोंट नहीं आई। व्यवस्थागत एवं संचालन की स्थिति में अन्यानेक कमियां अक्सर सामने आती हैं। प्रबंधन की इस कमी के कारण ही कई बार दुर्घटनाएं होती है। कुछ वर्षों पूर्व जिले के उत्तर-पूर्व ईशान कोण के टप्पे के पास दुर्घटना में कई बच्चे हताहत हुए थे बाद में संबंधित वाहन के दस्तावेज ही नहीं मिले थे। ऐसे में मात्र अब दस्तावेजों तक सिमित नहीं रहा जाए। संचालक और यहां तक की वाहन के चालकों एवं उनमें रखे जाने वाले कर्मचारियों तक भी जांच का दायरा बढाया जाना चाहिए। प्रशासनिक स्थिति में एक दल तहसील स्तरों पर बनाया जाना चाहिए। इसमें प्रशासन, वर्दी, परिवहन, शिक्षा एवं बच्चों से संबंधित विभाग के कर्मचारियों को शामिल किया जाना चाहिए। सिर्फ वाहन की जांच करने से ही कुछ नहीं होने वाला है। शिक्षा स्थलों की ओर से उसके टायरों के बदलाव तक में बचत की जाती है। वाहन के कई पार्टस बदलने की बजाय घिसे जाते हैं। यहां तक की कमानी के पत्ते टूटने पर भी वाहन का संचालन जारी रखा जाता है जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ता है। ऐसे में गंजे टायर भी कई बार दुर्घटना के लिए जिम्मेदार बन जाते हैं। वाहनों की तकनीकी जांचें भी आवश्यक हो गई हैं। चालक का धैर्य भी टेस्ट लेकर देखा जाना चाहिए। उसकी आई टेस्ट होना चाहिए। उसके चरित्र का सत्यापन होना चाहिए। वाहन में आने जाने वाले बच्चों से बराबर संबंधित विभाग के महिला कर्मचारी संवाद करेंगे तो बच्चे उन्हें कई सारी बातों से अवगत करवाएंगे। इससे भविष्य के घटनाक्रमों को भी टाला जा सकेगा। खुसूर-फुसूर है कि अभी तो मात्र वाहन के दस्तावेज कागजी आधार पर जांच कर इतिश्री की जा रही है बच्चों के प्रति जिम्मेदार की भूमिका निभाने के लिए मूल रूप से संयुक्त दलों के माध्यम से ही इस काम को अंजाम दिया जाना चाहिए जिससे बच्चों के लिए पूर्ण जिम्मेदार की भूमिका सामने आ सकेगी। अभी तो मात्र पूरा मामला दस्तावेजों तक सिमटा हुआ है। इसे जिम्मेदार स्थिति तक ले जाना होगा।




## न्यूज कॉलम

### 4 अगस्त को निकलेगी समर्पण कांवड़ यात्रा, 5 हजार भगवा ध्वजों से सजेगा शहर

**उज्जैन।** समर्पण सेवा समिति के तत्वावधान में इस वर्ष समर्पण कांवड़ यात्रा 4 अगस्त को निकाली जाएगी। यह यात्रा अपने पारंपरिक मार्गों से होते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के सिलसिले में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वज पूजन संपन्न हुआ। यह यात्रा इस वर्ष स्वर्गीय ओम अमरनाथ खत्री को समर्पित रहेगी। समर्पण सेवा समिति के सचिव राम भागवत ने बताया कि समिति बीते कई वर्षों से कांवड़ यात्रा का आयोजन कर रही है। इस वर्ष पूरे उज्जैन शहर में लगभग 5,000 भगवा ध्वज लगाए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष विजय जायसवाल ने बताया कि गुरुवार से शहर में भगवा ध्वज लगाने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने सभी नगरवासियों और श्रद्धालुओं से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने की अपील की है।

## ट्रेंडिंग







नगर निगम में यंत्रियों ने काली पट्टी बांधी और की कलमबंद हड़ताल

# फायर सेफ्टी ऑफिसर से मारपीट करने वाले आरोपी को जेल भेजा, होटल सील

## कर्मचारियों में भी गुस्सा, गेट मीटिंग में ज्ञापन सौंपा, आज कलेक्टर-एसपी से मिलेंगे







दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर निगम के अग्निशमन अधिकारी एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री लक्ष्मण प्रसाद साहू के साथ जयसिंहपुरा में होटल संचालक मनोहरलाल अरोन्या के पुत्र विकास अरोन्या के मारपीट करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुरूवार को आरोपी के थाना में पेश होने पर पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया। आरोपी को न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। नगर निगम में यंत्रियों ने कलमबंद हड़ताल रखी और कर्मचारियों ने गेट मीटिंग की है। अपराह्न में भवन निर्माण शाखा की और से होटल सील की गई है।

व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी व्यवस्था की जांच के क्रम में साहू बुधवार को जयसिंहपुरा क्षेत्र में जांच के लिए पहुंचे थे। वे अपनी टीम के साथ क्षेत्र की मां पीताम्बरा होटल रेजिडेंसी पहुंचे थे। उनके साथ आए कर्मचारी आशीष भाटी पुलिस बल लेने महाकाल थाने गए थे। इसी दौरान वह होटल के रिसेप्शन पर मौजूद कर्मचारी से फायर एनओसी, फायर ऑडिट रिपोर्ट और भवन अनुमति संबंधी दस्तावेजों की जानकारी ले रहे थे। इस दौरान वहां पहुंचे होटल संचालक पुत्र ने उनके साथ विवाद कर मारपीट की थी। परिचय पत्र फाड दिया था। रिसेप्शन पर रखा वायरलेस सेट, कार्बन पेपर और अन्य दस्तावेज बाहर फेंक दिए, जिससे वायरलेस सेट क्षतिग्रस्त हो गया। मारपीट में साहू के चेहरे, सिर और बाईं आंख में चोट आई। अधिकारियों को जानकारी देने के उपरांत वे थाने पहुंचे और प्रकरण दर्ज करवाया था। थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर होटल के सीसी टीवी कैमरा के फूटेज जब्त किए गए थे। गुरूवार को आरोपी थाना पेश हुआ था जहां से उसे न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय में पेश किए जाने पर 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### आरोपी न्यायिक प्रक्रिया से वाकिफ

इधर सामने आ रहा है कि आरोपी विकास किशोर न्याय बोर्ड का सदस्य है। वह न्यायिक प्रक्रिया से पूरी तरह से वाकिफ है। उसके बाद भी उसने नगर निगम के फायर अधिकारी के साथ जानते हुए भी मारपीट को अंजाम दिया।

### काली पट्टी बांधी, कलमबंद की

फायर सेफ्टी ऑफिसर से मारपीट के मामले में नगर निगम के कर्मचारी एवं अधिकारी गुस्सा गए। गुरूवार को नगर निगम के यंत्रियों ने काली पट्टी बांधी और अपना गुस्सा जताया। कलम बंद हड़ताल की। यंत्रियों ने कलम बंद हड़ताल की घोषणा अपने सोश्यल मिडिया व्हाटसप के स्टेटस लगाकर की। दोपहर में गेट मिटिंग के दौरान कर्मचारियों ने भी अपना गुस्सा जताया और इस दौरान मारपीट के मामलों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों अधिकारियों की सुरक्षा एवं कार्रवाई को लेकर एक ज्ञापन अपर आयुक्त को दिया है। नगर निगम स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के सचिव एवं मीडिया प्रभारी शैलेष नागर के अनुसार गेट मिटिंग पर प्रदर्शन किया गया है। शुक्रवार को कर्मचारी दोपहर में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर सुरक्षा के मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए ज्ञापन देंगे।

### जेसीबी लेकर पहुंचे होटल सील करने

मारपीट के मामले से गुस्साए नगर निगम के कर्मचारी एवं यंत्रियों ने गुरूवार अपराह्न में गैंग एवं जेसीबी एवं अन्य संसाधनों के साथ आरोपी की होटल पहुंचे थे। यहां उपायुक्त संजेश गुप्ता एवं सहायक आयुक्त राघवेन्द्र पालिया की उपस्थिति में निर्माण अनुज्ञा के विपरित निर्मित होटल को नोटिस दिया गया। अपर आयुक्त पवन सिंह के अनुसार सील करने की कार्रवाई भवन निर्माण शाखा की और से अंजाम दी गई है। होटल खाली करवाकर उसे सील किया गया है। अपराह्न में नगर निगम गैंग जेसीबी एवं अन्य संसाधनों के साथ आरोपी की होटल पर पहुंची थी और उसे सील करने की कार्रवाई अंजाम दी गई है। अपर आयुक्त पवन सिंह के अनुसार भवन निर्माण शाखा ने अधिकारियों की उपस्थिति में इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

सिंहस्थ की तैयारियों की धीमी रफ्तार

# 111 परियोजनाओं में से केवल 42 ही धरातल पर, शेष प्रक्रियाओं में उलझी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। देश के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल इस महापर्व के लिए अब दो साल से भी कम समय बचा है, लेकिन तैयारियों की रफ्तार चिंता बढ़ाने वाली है। सिंहस्थ के लिए अब तक 9319 करोड़ रुपये की 111 परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन इनमें से केवल 42 परियोजनाएं ही धरातल पर उतर पाई हैं।

शेष 69 परियोजनाएं अभी भी फाइलों, स्वीकृतियों, निविदाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में उलझी हुई हैं। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के समक्ष होने वाली रिपोर्ट में इन आंकड़ों का उल्लेख मिलता है। सरकार सिंहस्थ-2028 में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने का अनुमान लगा रही है।

इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सड़क, पुल, घाट, पेयजल, सीवरेज, पार्किंग और आवागमन की व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। दिशा बैठक के एजेंडे में शामिल प्रगति रिपोर्ट से साफ है कि कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं अभी शुरूआती चरण में ही हैं।

### 778 करोड़ रुपये स्वीकृत

सबसे बड़ी परियोजनाओं में शिप्रा नदी पर 22 नए पुलों के निर्माण के लिए 853 करोड़ 46 लाा रुपये और 29 किलोमीटर नए घाटों के लिए 778 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन दोनों परियोजनाओं पर अभी अपेक्षित गति नहीं दिख रही है। 1133 करोड़ 67 लाख रुपये की जल संवर्धन परियोजना और 1462 करोड़ रुपये की उज्जैन-झालावाड़ फोरलेन परियोजना भी पूरी तरह रफ्तार नहीं पकड़ सकी हैं। 445 करोड़ रुपये की सीवरखेड़ी-सिलारखेड़ी जल प्रदाय योजना निमार्णाधीन है और इसे मई-2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 284 करोड़ रुपये का यूनिटी माल करीब 75 प्रतिशत पूरा हो चुका है और दूसरी बार बढ़ाई समय-सीमा अक्टूबर-2026 तक इसके पूर्ण होने का लक्ष्य है।

# ट्रीमैन ऑफ इंडिया ने बिल्व का पौधा लेकर निकाली अनूठी दंडवत यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के संकल्प के साथ 'ट्रीमैन ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध पर्यावरणविद् विष्णु लांबा बुधवार को उज्जैन पहुंचे। हाथ में भगवान शिव को प्रिय बिल्व का पौधा लेकर उन्होंने शहर की सीमा स्थित महामृत्युंजय द्वार से श्री महाकालेश्वर मंदिर तक दंडवत यात्रा शुरू की। इस यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है।

राजस्थान के टोंक जिले के लांबा गांव निवासी विष्णु लांबा को बचपन से ही पेड़-पौधों से विशेष लगाव था। जहां भी उन्हें अच्छे पौधे दिखाई देते, वे उन्हें लाकर अपने घर और आसपास के क्षेत्र में लगा देते थे। इसी कारण गांव के लोग उन्हें मजाक में 'पौधा चोर' कहने लगे। बाद में उनकी पर्यावरण के प्रति लगन देखकर लोग स्वयं उन्हें पौधे भेंट करने लगे। वर्ष 2011-12 में छोटे भाई की शादी के दौरान जब दहेज की बात हुई तो विष्णु लांबा ने नकदी या सामान के बजाय पौधों की मांग की। इसके बाद दुल्हन पक्ष की ओर से ट्रैक्टर-ट्रॉली भरकर पौधे भेजे गए और बारात में शामिल लोगों को पौधे भेंट किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस की वार्ड कमेटियों का होगा सत्यापन

**उज्जैन।** कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए दौलतगंज सराफा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वार्ड क्रमांक 27 और 28 की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से वार्ड कमेटियों के सत्यापन और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर मंथन किया गया।

### महाकाल की सवारियां नए मार्ग से निकालने की मांग

**उज्जैन।** शहर के ढाबा रोड और सराफा क्षेत्र में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य को देखते हुए बाबा महाकालेश्वर की सभी सवारियां नए प्रस्तावित मार्ग से निकालने की मांग उठी है। इसे लेकर इंदौर गेट व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर यह आग्रह किया है।

### दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अरिहंत ने रोपे 21 पौधे

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पौधा मां के नाम' अभियान और फेडरेशन के राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अरिहंत द्वारा राजस्व कॉलोनी गार्डन परिसर में वृहद पौधारोपण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान फल, फूल और छायादार 21 पौधे रोपे गए। साथ ही पर्यावरण जन जागरण रैली निकालकर हरियाली प्रेमियों को 21 पौधे वितरित किए गए।

### 64 की उम्र में 50वीं बार किया रक्तदान

**उज्जैन।** शहर के वरिष्ठ समाजसेवी 64 वर्षीय राजकुमार परसवानी उर्फ भोजू भैया ने चरक भवन में 50वीं बार रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की है। वे अब तक एक हजार से अधिक जरूरतमंदों के लिए रक्त की व्यवस्था करवा चुके हैं।

### 16 जुलाई से निकलेगी जगन्नाथ की रथयात्रा

**उज्जैन।** शहर में 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इंदिरा नगर चौराहे से शुरू होने वाले इस मुख्य आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, श्रीकृष्ण पाथेय और इस्कॉन के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन समरसता का महापर्व के रूप में प्रदेश के 100 से अधिक स्थानों पर मनाया जाएगा। इस्कॉन के उपाध्यक्ष महामन महाराज, त्रिदंडी संन्यासी भक्ति प्रेम स्वामी महाराज और संस्कृति विभाग के सलाहकार श्रीराम तिवारी के निर्देशन में यह आयोजन हो रहा है।

### प्रमुख चिकित्सकों और सीए का सम्मान

**उज्जैन।** लायंस क्लब सुरभि द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक और सीए दिवस मनाया गया। क्लब की साधारण सभा की बैठक के बाद आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में शहर के प्रमुख चिकित्सकों व सीए का सम्मान किया गया। इस दौरान अतिथियों ने अपने अनुभव और विचार क्लब सदस्यों के साथ साझा किए।कार्यक्रम में शहर के प्रमुख चिकित्सक उपस्थित हुए।

# कल पूरे शहर में नहीं होगा जलप्रदाय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर निगम ने शहरवासियों को पूर्व सूचना जारी करते हुए बताया है कि गंभीर इंटेकवेल पर एचटी मोटर पंप की रिपेयरिंग तथा राइजिंग मेन लाइन में आवश्यक सुधार कार्य किए जाने के लिए शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 को शटडाउन लिया जाएगा। इसके कारण शनिवार, 11 जुलाई 2026 को पूरे उज्जैन शहर में जलप्रदाय पूरी तरह बंद रहेगा। निगम प्रशासन ने बताया कि मरम्मत कार्य जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक सुचारु और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे शुक्रवार को ही आवश्यकतानुसार पानी का पर्याप्त भंडारण कर लें, ताकि शनिवार को जलापूर्ति बंद रहने के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर के बाहर अतिक्रमण कर लगा ली दुकानें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन





देश के 52 शक्तिपीठों में से एक शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर की व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। साफ सफाई नहीं होने से मंदिर के आसपास कूढ़े कचरे के ढेर लगे हुए हैं। मंदिर के बाहर दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे नए होल्डिंग पाइंट में गंदगी के कारण दुर्गंध फैल रही है। मंदिर प्रशासन की अनदेखी के कारण प्रवेश द्वारों के सामने अतिक्रमण पसरा हुआ है, इससे आवागमन बाधित हो रहा है। करीब तीन माह पहले कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने हरसिद्धि मंदिर का दौरा कर यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक को हरसिद्धि मंदिर में सुविधा के विस्तार तथा यहां की व्यवस्थाओं को विश्वस्तरीय बनाने का जिम्मा सौंपा था। प्रशासक कौशिक ने हरसिद्धि मंदिर समिति के अधिकारियों के साथ बैठकर कर विकास कार्यों का रोडमैप तैयार कर दिया था, उसी के आधार पर काम भी शुरू हो गया था।

# 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरू, मांगलिक कार्यों पर लगेगा ब्रेक

## देवशयनी एकादशी से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत, नए भवन का शुभारंभ और अन्य मांगलिक संस्कारों पर रहेगा विराम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शनिवार को आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी के साथ सनातन धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण चातुर्मास का शुभारंभ होगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्री हरि विष्णु क्षीरसागर में योग निद्रा में चले जाते हैं और अगले चार महीनों तक विश्राम करते हैं। इस अवधि में सृष्टि के संचालन का दायित्व भगवान शिव संभालते हैं। देवोत्थान एकादशी पर भगवान विष्णु के जागरण के साथ ही चातुर्मास का समापन होता है।

देवशयनी एकादशी केवल एक व्रत नहीं, बल्कि आध्यात्मिक साधना और आत्मचिंतन का प्रारंभ मानी जाती है। इस दिन श्रद्धालु भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना, व्रत, दान और भजन-कीर्तन करते हैं। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और नियमपूर्वक किए गए पुण्य कर्मों का फल अनेक गुना प्राप्त होता है।



### चातुर्मास में क्यों रुक जाते हैं मांगलिक कार्य?

देवशयनी एकादशी से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत, नए भवन का शुभारंभ और अन्य मांगलिक संस्कारों पर विराम लग जाता है। इसका प्रमुख कारण धार्मिक मान्यता है कि जब भगवान विष्णु योग निद्रा में होते हैं, तब शुभ एवं मांगलिक कार्यों के लिए उनकी प्रत्यक्ष कृपा उपलब्ध नहीं रहती। इसलिए विवाह जैसे शुभ संस्कार देवोत्थान एकादशी के बाद ही पुनः प्रारंभ किए जाते हैं। इसके पीछे एक व्यावहारिक कारण भी माना जाता है। चातुर्मास वर्षा ऋतु का समय होता है। प्राचीन काल में भारी वर्षा के कारण यात्रा करना कठिन होता था, इसलिए ऋषि-मुनि एक ही स्थान पर रहकर तप, अध्ययन और धर्मोपदेश करते थे। इसी परंपरा ने चातुर्मास को साधना और संयम का पर्व बना दिया।

### साधना, सेवा और सात्विक जीवन का संदेश

- चातुर्मास के चार महीने व्यक्ति को बाहरी उत्सवों से अधिक आंतरिक विकास की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान जप, तप, स्वाध्याय, सत्संग, दान, गौसेवा, वृक्षारोपण, गरीबों की सहायता तथा सात्विक भोजन का विशेष महत्व बताया गया है। अनेक श्रद्धालु इस अवधि में लहसुन-प्याज, मांसाहार और नशे का त्याग कर नियमित पूजा-पाठ का संकल्प लेते हैं।
- संत-महात्मा भी इन चार महीनों में प्रवास छोड़कर एक स्थान पर रहकर धार्मिक प्रवचन, भागवत कथा, रामायण पाठ, शिवमहापुराण तथा अन्य आध्यात्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज को संस्कारों का संदेश देते हैं।

### प्रकृति के साथ संतुलन का भी संदेश

- चातुर्मास केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह प्रकृति के साथ सामंजस्य का भी पर्व है। वर्षा ऋतु में वातावरण में नमी बढ़ने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की संभावना अधिक रहती है। इसलिए आयुर्वेद भी इस समय हल्का, सुपाच्य और सात्विक भोजन करने की सलाह देता है। संयमित दिनचर्या और नियमित उपवास शरीर तथा मन दोनों को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होते हैं।
- देवशयनी एकादशी यह संदेश देती है कि जीवन में केवल भौतिक उपलब्धियां ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि आत्मिक उन्नति भी उतनी ही आवश्यक है। चातुर्मास के चार महीने मन, वचन और कर्म की शुद्धि, ईश्वर के प्रति समर्पण और जीवन में अनुशासन स्थापित करने का श्रेष्ठ अवसर हैं। जो व्यक्ति इस अवधि में श्रद्धा, संयम और सेवा का पालन करता है, उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने की मान्यता है।
- इस प्रकार 25 जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाला चातुर्मास केवल मांगलिक कार्यों पर विराम का समय नहीं, बल्कि आत्मपरिष्कार, धर्मपालन, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और ईश्वर भक्ति के माध्यम से जीवन को नई दिशा देने का पावन काल है।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 11 जुलाई, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### गौअभ्यारण्य बनाने की दिशा में बढ़ाया है कदम

**इंदौर।** कहते हैं मेहनत, दूरदृष्टि और सही समय पर मिला सहयोग किसी भी जीवन की दिशा बदल सकता है। इंदौर संभाग के झाबुआ जिले के पेटलावद विकासखंड के ग्राम बावड़ी की श्रीमती अर्चना धर्मेन्द्र पाटीदार ने इस कहावत को सच साबित कर दिखाया है। कभी केवल दो दुधारू गायों के सहारे परिवार का भरण-पोषण करने वाली अर्चना आज आधुनिक डेयरी प्रबंधन, वैज्ञानिक पशुपालन और एकीकृत कृषि प्रणाली के माध्यम से प्रतिमाह डेढ़ से दो लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। आचार्य विद्यासागर गौ-संवर्धन योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनके छोटे डेयरी व्यवसाय को आधुनिक उद्यम में बदल दिया। आज वे न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों और महिला पशुपालकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। साथ ही अब आगे योजना पर काम करते हुए उन्होंने गौ - अभ्यारण्य बनाने की योजना पर काम शुरू किया है।

### केसीसी वितरण में लक्ष्य आधारित कार्य करने के दिए निर्देश

**इंदौर।** आयुक्त, सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं दीपक सिंह ने इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, इंदौर के सभागार में इंदौर संभाग के सहकारिता विभाग की मैराथन समीक्षा बैठक ली। बैठक में सहकारिता विभाग के संभागीय एवं जिला अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, दुग्ध सहकारी संघ, विपणन सहकारी संघ तथा अपेक्स बैंक के प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक में सहकारी केंद्रीय बैंकों द्वारा संचालित सदस्यता अभियान, नवीन सदस्यों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने, सहकार से समृद्धि अभियान, परिसमापनाधीन संस्थाओं के पंजीयन निरस्तीकरण, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, लंबित अंकेक्षण, पैक्स के बहुउद्देशीय व्यवसाय, एवं पंजीयन, रासायनिक उर्वरकों के वितरण तथा विभिन्न विषयों की संस्थावार एवं अधिकारीवार समीक्षा की गई।

### इंदौर में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी उस समय लगी, जब सुबह परिजनों ने उसे कमरे में फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलते ही बाणगंगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान आयुषी ठक्कर के रूप में हुई है। वह अहमदाबाद की एक निजी कंपनी के इंदौर कार्यालय में कार्यरत थी। मौके की तलाशी के दौरान पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। हालांकि जांच के लिए मृतका का लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है।

### ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार



**इंदौर।** इंदौर की खजराना थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंदसौर के एक युवक को 110 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 11 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि वाघेला गार्डन के पास बायपास पर एक युवक ब्राउन शुगर बेचने के लिए घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 110 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामकिशन उर्फ रामनिवास गिरी (28) निवासी ग्राम काटिया, थाना सुवासरा, जिला मंदसौर के रूप में हुई है। वह 8वीं तक पढ़ा है और खेती करता है।

### खदान श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन शुरू

**इंदौर।** श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। योजना के अंतर्गत बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के अध्ययनरत संतानों को स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा तक एक हजार से 25 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। श्रम कल्याण संगठन जबलपुर द्वारा पात्र विद्यार्थियों तक योजना की जानकारी पहुंचाने तथा समय-सीमा में आवेदन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्रवृत्ति आवेदन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर एक जून से प्रारंभ हो चुके हैं। पात्र विद्यार्थी 31 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### दूषित जल से होने वाली बीमारियों को लेकर जारी किए दिशा निर्देश

**इंदौर।** वर्षा ऋतु में यह संभावना बनी रहती है कि जल जनित रोगों से संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है, इसके संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से आग्रह किया है कि अपने स्वस्थ को सुरक्षित रखने के लिए सावधानियां बरती जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार दूषित जल से डायरिया टाइफाइड और हेपेटाइटिस सभी आयु समूह विशेषकर बच्चों और शिशुओं में बीमारी का प्रमुख कारण हैं। जल जनित बीमारियों का प्रसार मानसून, बाढ़ के बाद बढ़ जाता है, इन बीमारियों को रोकने के उपायों में सुरक्षित पेयजल बेहतर स्वच्छता और साबुन से नियमित रूप से हाथ धोना चाहिए, जिससे की बीमारी का खतरा कम हो जाता है। इस दौरान मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग के कारण होने वाली बीमारियां ही प्रमुख रूप से देखी जाती है।

---

न मार्ग तय, न नियमों का पालन, नाबालिग बेखौफ चला रहे ई-रिक्शा

## ई-रिक्शा बिगाड़ रही ट्रैफिक व्यवस्था, अब तक लागू नहीं हुए जोन

### तय मार्ग, प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश और अवैध पार्किंग रोकने के फैसले महीनों बाद भी जमीन पर नजर नहीं आ रहे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में यातायात सुगम करने और प्रदूषण कम करने के लिए ई-रिक्शा चलाए गए। अब ये पूरे शहर के लिए गले की फांस बन चुके हैं। यातायात विभाग ने ई-रिक्शा चालकों को निर्धारित मार्ग पर संचालित करने के लिए चार जोन तो तय कर दिए, लेकिन उसे लागू नहीं कर पा रहे है।

नतीजन ई-रिक्शा चालक राजवाड़ा क्षेत्र सहित पूरे शहर में बेतरतीब वाहन दौड़ाते हुए नजर आते हैं। तय मार्ग, प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश और अवैध पार्किंग रोकने के फैसले महीनों बाद भी जमीन पर नजर नहीं आ रहे हैं। यातायात विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जल्द ही बैठक कर जोन लागू करने की बात कह रहे हैं।

शहर में करीब 12 हजार ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। कुछ महीने पहले ट्रैफिक पुलिस ने चार जोन बनाकर ई-रिक्शों के संचालन की योजना तैयार की थी। साथ ही राजवाड़ा जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में इनके प्रवेश और पार्किंग पर नियंत्रण का प्रस्ताव भी सड़क सुरक्षा समिति से मंजूर कराया गया था, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। राजवाड़ा पर यातायात चौकी के सामने ही ई-रिक्शा चालक कहीं भी वाहन खड़े कर सवारी बैठते हैं।

#### सड़कों से यातायात का दबाव कम हो

शहर की प्रमुख सड़कों से गलियों व कालोनियों तक ई-रिक्शा का संचालन किया जाना था, ताकि सड़कों से यातायात का दबाव कम हो सकें। सवारी गलियों व कालोनियों से ई-रिक्शा की सहायता से मुख्य मार्गों तक आसानी से पहुंच सकें, परंतु ई-रिक्शा धड़ल्ले से मुख्य मार्गों पर दौड़ रहे हैं। उधर, तय हुआ था कि तय मार्गों पर ई-रिक्शा का संचालन किया जाएगा, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई विशेष प्रगति होती नजर नहीं आ रही। परिणाम यह हुआ कि अब ई-रिक्शा चालक जहां मर्जी होती है, वहां अपने वाहन दौड़ाते रहते हैं। शहर में यातायात की समस्या सुलझने के बजाय और उलझ गई। प्रमुख मार्गों पर तो इनकी रेलमपेल के कारण कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। प्रत्येक चौराहे पर चार से पांच ई-रिक्शा हमेशा बेतरतीब खड़े नजर आते है। किसी भी सवारी ने हाथ दिया, तो सवारी कहीं भी ई-रिक्शा रोककर खड़े होकर सवारी बैठाते है। इस कारण दिन में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

#### जल्द ही चालकों के साथ करेंगे बैठक



ट्रैफिक डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार जल्द ही ई-रिक्शा चालकों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में जोन के साथ तय मार्ग लागू करने की जल्द ही तारीख तय की जाएगी। जोन लागू करने के पहले ई-रिक्शा चालकों को सात दिन का समय दिया जाएगा। इसके बाद जोन के साथ तय मार्ग पर ही चलना होगा। नियम तोड़ने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। अब तक सात हजार चालकों ने रजिस्ट्रेशन करवा लिए गए हैं। अब तक तीन हजार 311 ई-रिक्शा कलर कोडिंग हो चुकी है।

---

निर्माण कार्यों को लेकर एनएचएआई को एजेंसी की तलाश

## मुंबई-आगरा राजमार्ग पर पिगडंबर फ्लाईओवर का काम नवंबर से

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर के तेजी से बढ़ते विस्तार के साथ मुंबईझ्रआगरा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-52) पर यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है। राऊ सर्किल के आगे पिगडंबर क्षेत्र में रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं, जिससे यहां अक्सर जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बन जाती है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पिगडंबर फ्लाइओवर प्रोजेक्ट के लिए टेंडर जारी कर दिया है और उम्मीद है कि नवंबर से इसका निर्माण कार्य शुरू हो सकता है। मगर उसके पहले सर्विस रोड बनाएंगे, ताकि वाहन मार्ग से निकल सके। लगभग 2.1 किलोमीटर लंबा 6 लेन एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। यह कारिडोर राऊ सर्किल फ्लाईओवर के आगे पिगडंबर चौराहा क्षेत्र में तैयार होगा। इसका मुख्य उद्देश्य इंदौरझ्रमहू मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ते वाहनों के दबाव को कम करना तथा सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाना है।



अधिकारियों के मुताबिक पिगडंबर के हिस्से में दो बड़े चौराहे और कई मीडियन ओपनिंग हैं। यहां से निकलने वाली गलियां सीधे राजमार्ग से जुड़ती है। इसके चलते सड़क पर वाहनों का दवाब बढ़ जाता है। कई बार इन गलियों से आने वाले वाहन आपस में गुत्थमगुथा हो जाता है। यहां तक कि जाम की स्थिति बन जाती है। एलिवेटेड कारिडोर बनने के बाद राजमार्ग का ट्रैफिक ऊपर से बिना रुके गुजर सकेगा। जबकि कालोनियों से निकलने वाली सड़क के वाहन आसानी से नीचे से निकल सकेंगे।

#### ब्लैक स्पॉट भी किए चिह्नित

सड़क सुरक्षा के लिहाज से भी यह प्रोजेक्ट बेहद अहम है। एनएच-52 के इस हिस्से के कुछ जंक्शनों को पहले ही ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित किया जा चुका है। जहां दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लंबे समय से स्थानीय लोग यहां स्थायी समाधान की मांग कर रहे थे। अब एलिवेटेड कॉरिडोर, फ्लाईओवर और वाहन अंडरपास के जरिए इन खतरनाक बिंदुओं को सुरक्षित बनाने की योजना तैयार की गई है।

**पहले बनाएंगे सर्विस रोड-** एनएचएआइ ने अभी सिर्फ पिगडंबर कारिडोर को लेकर टेंडर निकाला है। इसके लिए एजेंसी से आवेदन मांगे है। महीनेभर का समय रखा गया है। एजेंसी तय होने के बाद कागजी प्रक्रिया की जाएगी। यह अक्टूबर तक खत्म करना है। इसके तुरंत बाद एनएचएआइ यातायात बाधित न हो इसके लिए सर्विस रोड बनाएंगा। फिर ट्रैफिक को डायवर्ड करेंगा। उसके बाद ही एलिवेटेड कारिडोर का निर्माण शुरू होगा।

---

## इंदौर नगर निगम ने उजाड़े बगुलों के आशियाने

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

निपानिया में सड़क चौड़ीकरण को लेकर नगर निगम को पेड़ की छंटाई करना भारी पड़ गया है। पेड़ की जिस शाखा को कटा गया। वह बगुलों का निवास था। शाखा काटे जाने से बगुले के घोंसलों में रखे अंडे नष्ट हो गए। यहां तक कि 50 से ज्यादा बगुले घायल हो गए।

पक्षियों को लेकर नगर निगम की इस लापरवाही पर इंदौर वनमंडल ने नाराजगी जताई है। पत्र लिखकर घटना की जानकारी और जिम्मेदारों के बारे में भी पूछा है। हालांकि इस तरह की भविष्य में घटना न हो इसके लिए वन विभाग ने बिजली कंपनी को भी सावधानी बरतने को कहा है। सड़क चौड़ीकरण के दौरान बाधक पेड़ों को हटाया जा रहा है। बुधवार को निपानिया क्षेत्र के एक निजी अस्पताल के पास निगम ने पेड़ों की छंटाई कर दी। जिम्मेदारों ने यह नहीं दिखा कि पेड़ की शाखा पर बगुलों के आशियाने है। शाखा पर घोंसले भी बने थे, जो काटते हुए जमीन पर गिर पड़े। वहीं बगुलों के जोड़े आसमान में लगातार चक्कर लगाते रहे और अपने बच्चों तक पहुंचने की कोशिश करते रहे।

---

कहां से आए, कहां रुके, किस रास्ते गए, श्रावण के दौरान उज्जैन में हर श्रद्धालु का रहेगा रिकॉर्ड

## उज्जैन के 10 प्रमुख चौराहों पर भीड़ और यातायात सर्वे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



श्रावण में उज्जैन आने वाला हर श्रद्धालु, सिंहस्थ-2028 की तैयारी का हिस्सा बनेगा। वह किस शहर से आया, किस वाहन से पहुंचा, किन रास्तों से गुजरा, कहां पार्किंग की, शहर में कितनी देर रुका और दर्शन के बाद किस मार्ग से लौटा, इसका पूरा रिकॉर्ड (डेटा बैस) तैयार किया जाएगा। ये देश का सबसे बड़े तीर्थयात्री सर्वे होगा, जिसे कराने को उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने एजेंसी चयन की प्रक्रिया शुरू की है।

प्रशासनिक दस्तावेज के अनुसार यह सर्वे केवल आंकड़े जुटाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यही डेटा सिंहस्थ-2028 की पूरी तैयारी का वैज्ञानिक आधार बनेगा। ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर पार्किंग, भीड़ प्रबंधन, सार्वजनिक परिवहन, सड़क नेटवर्क और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी भविष्य की योजनाएं इसी रिपोर्ट के आधार पर तैयार होंगी।

#### सिंहस्थ की अभी से तैयारी

श्रावण में उज्जैन आने वाला हर श्रद्धालु सिंहस्थ-2028 की तैयारी का हिस्सा बनेगा। वह किस शहर से आया, किस वाहन से पहुंचा, किन रास्तों से गुजरा, कहां पार्किंग की और शहर में कितनी देर रुका, इसका पूरा रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। उज्जैन स्मार्ट सिटी की यही रिपोर्ट सिंहस्थ-2028 के ट्रैफिक, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन और आधारभूत सुविधाओं की मास्टर प्लानिंग की नींव बनेगी। उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने गुरुवार को इस सर्वे के लिए निविदा जारी कर दी। एजेंसी का चयन खुली प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया से होगा और सबसे कम वित्तीय बोली देने वाली पात्र एजेंसी को काम मिलेगा।

#### चार चरणों में होगा सर्वे

सर्वे चार चरणों में होगा। शहर के प्रवेश और निकास मार्गों पर वीडियो आधारित ट्रैफिक सर्वे किया जाएगा। सात प्रमुख मार्गों पर लगातार सात दिन और दो अन्य मार्गों पर तीन दिन तक वाहनों की गणना होगी। इसके अलावा सात स्थानों पर 48 घंटे का ओरिजिन-डेस्टिनेशन सर्वे होगा, जिससे यह पता चलेगा कि वाहन कहां से आए और किस दिशा में गए। 10 प्रमुख चौराहों पर वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही का अलग से अध्ययन किया जाएगा। सबसे अहम हिस्सा श्रद्धालु सर्वे होगा। महाकाल, हरसिद्धि, कालभैरव और मंगलनाथ मंदिरों के साथ प्रमुख पार्किंग स्थलों, उज्जैन जंक्शन, विक्रम नगर, पिंगलेश्वर और नायखेड़ी रेलवे स्टेशन तथा नानाखेड़ा और देवासगेट बस स्टैंड पर श्रद्धालुओं से सीधे बातचीत कर जानकारी जुटाई जाएगी।

---

## छाएगी हरियाली: एक दिन में 11 हजार पौधे रोपे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 को हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में नगर निगम ने मंगलवार को बड़ा कदम उठाते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिसर में एक ही दिन में 11 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया। अमृत हरित महाअभियान के तहत चलाए गए इस अभियान को सिंहस्थ की दीर्घकालिक तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है।

महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट और उद्यान विभाग के अपर आयुक्त योगेंद्र सिंह पटेल की मौजूदगी में हुए अभियान में सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों और वृक्ष मित्रों ने भागीदारी की। इस दौरान कटहल, करंज, अमरूद, शीशम, जामुन और गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधे लगाए गए।



सिंहस्थ-2028 में करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों को हरित कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की गई है। फाइल के अनुसार करीब 84 किलोमीटर लंबे प्रमुख मार्गों के दोनों ओर पौधरोपण किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को प्राकृतिक छांव और बेहतर पर्यावरण मिल सके। इसके लिए 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही शहर में 114 ग्रीन सिग्नेचर प्वाइंट भी विकसित किए जाएंगे। नगर निगम का दावा है कि इस बार अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहेगा। सभी पौधों की जियो-टैगिंग की जाएगी, उनका रिकॉर्ड "मेरी लाइफ" पोर्टल पर दर्ज होगा और उनकी नियमित निगरानी की जाएगी।

---

### प्रवेश संबंधी जानकारी प्रदान की गई

**इंदौर।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय किला भवन में प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के निर्देशन तथा प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी के मार्गदर्शन में प्रवेश समिति द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश मेला का शुभारंभ किया गया। यह प्रवेश मेला 15 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है।

## विस्थापितों के मामले में सुनवाई पूरी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सरदार सरोवर के डूब प्रभावितों के पुनर्वास और आवंटित प्लाटों के पंजीयन में गड़बड़ी को लेकर दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस आलोक अवस्थी की युगलपीठ में सभी पक्षों की अंतिम बहस सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

सरदार सरोवर प्रोजेक्ट में डूब प्रभावितों की परेशानी को लेकर जनहित याचिका समाजसेवी मेधा पाटकर ने दायर की है। इसमें सरदार सरोवर परियोजना के तहत विस्थापितों को आवंटित पुनर्वास भूखंडों के पंजीयन, स्वामित्व हस्तांतरण और अन्य अनियमितताओं का मुद्दा उठाया गया है। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पुनर्वास प्लाटों के पंजीयन की धीमी रफ्तार को लेकर नाराजगी जताई थी।

28 अप्रैल तक की स्थिति में सरकार की ओर से पेश स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार 25,602 आवंटित प्लाटों के लिए 15,330 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि 194 दावे-आपत्तियां दर्ज की गईं। इसके बावजूद केवल 2,095 प्लाटों का ही पंजीयन पूरा हो सका। इस पर कोर्ट ने सरकार को प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए निर्देश जारी किए थे। साथ ही लंबित मामलों का तेजी से निपटारा करने के लिए भी कहा था।

---

गोवर्धन सागर रिजुवनेशन परियोजना भूमि विवाद के कारण कोर्ट में अटकी, टेंडर प्रक्रिया में फंसे हैं

## विवाद की वजह से सिंहस्थ के लिए शुरू नहीं हो पाई कई परियोजनाएं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर सरकार लगातार समयबद्ध विकास कार्यों का दावा कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के एजेंडे से सामने आया है कि जिले की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं भूमि विवाद, सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं होने, स्थल परिवर्तन, प्रशासनिक मंजूरियों और टेंडर प्रक्रिया में फंसकर आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। यही कारण है कि करोड़ों रुपये की स्वीकृति मिलने के बावजूद अनेक योजनाएं अभी तक धरातल पर उतर ही नहीं सकी हैं। एजेंडे के अनुसार, एक हजार लाख रुपये (10 करोड़ रुपये) की गोवर्धन सागर रिजुवनेशन परियोजना भूमि विवाद के कारण न्यायालय में लंबित है। विवाद के चलते निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसी तरह कई सामुदायिक भवनों और अन्य सार्वजनिक निर्माण कार्यों के लिए शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं होने से परियोजनाएं प्रारंभ नहीं हो सकी हैं। सिंहस्थ-2028 में अब दो साल से भी कम समय बचा है। ऐसे में यदि अपेक्षाकृत छोटे विकास कार्य ही जमीन और प्रक्रियागत बाधाओं से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं तो महापर्व से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं की समय पर पूर्णता भी चुनौती बन सकती है। यही कारण है कि इस बार दिशा बैठक में परियोजनाओं की प्रगति से ज्यादा उनकी देरी के कारणों पर फोकस रहने की संभावना है।

#### कुछ परियोजनाओं को लेकर टेंडर जारी नहीं हुए

कुछ मामलों में स्थल परिवर्तन की प्रक्रिया चल रही है, जिससे काम लगातार टल रहे हैं। कई योजनाएं ऐसी भी हैं, जिनमें प्रशासनिक स्वीकृति और तकनीकी मंजूरियां मिलने के बाद भी टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है, जबकि कुछ परियोजनाओं में टेंडर जारी होने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। एजेंडे में संबंधित विभागों से इन सभी लंबित कार्यों की वर्तमान स्थिति, देरी के कारण और उन्हें शुरू करने की समय-सीमा का विस्तृत ब्योरा मांगा गया है। स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत 12.23 करोड़ रुपये के 45 कार्यों में से बड़ी संख्या में परियोजनाएं अभी शुरुआती स्तर पर हैं। कई कार्यों की भौतिक प्रगति शून्य से 10 प्रतिशत के बीच बताई गई है, जबकि कुछ कार्य अब तक शुरू भी नहीं हो सके हैं।

#### वैकल्पिक व्यवस्था क्या की

दिशा बैठक में सांसद अनिल फिरोजिया ने संबंधित विभागों से यह भी पूछा है कि जिन परियोजनाओं में भूमि उपलब्ध नहीं है, उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्या की गई है। जहां भूमि विवाद हैं, वहां समाधान की दिशा में क्या प्रयास हुए और जो कार्य स्थल परिवर्तन के कारण रुके हैं, उन्हें कब तक शुरू किया जाएगा। साथ ही टेंडर और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में हो रही देरी के लिए जिम्मेदार कारणों की भी जानकारी मांगी गई है। सिंहस्थ-2028 में अब दो साल से भी कम समय बचा है। ऐसे में यदि अपेक्षाकृत छोटे विकास कार्य ही जमीन और प्रक्रियागत बाधाओं से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं तो महापर्व से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं की समय पर पूर्णता भी चुनौती बन सकती है।

---

## इंदौर में चलती ट्रेन पकड़ने में युवक का पैर फिसला, मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह चलती ट्रेन पकड़ने की कोशिश में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक ग्वालियर का रहने वाला था और व्यापार के सिलसिले में इंदौर आया था। रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है।

रेलवे पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान ग्वालियर के सुनार मोहल्ला निवासी हर्ष गुप्ता के रूप में हुई है। वह सुबह करीब साढ़े नौ बजे ग्वालियर से आई ओवरनाइट एक्सप्रेस से इंदौर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर उतरा था। हर्ष को रतलाम जाने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर-1 से डेमू ट्रेन पकड़नी थी। वह प्लेटफॉर्म-4 से प्लेटफॉर्म-1 की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की, लेकिन पैर फिसलने से वह ट्रेन के नीचे आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही इंदौर में रहने वाले उसके रिश्तेदार रेलवे स्टेशन पहुंच गए।

# कम से कम हों इच्छाएं



जब प्रह्लाद जी की अग्नि-परीक्षा हो रही थी, तब भगवान खंभे से ही प्रकट हो गए। नरसिंह स्वरूप प्रकट हो गया। धरती कांप गई। तब भगवान ने सबसे पहले हिरण्यकश्यप को उठाया और उसका अंत कर दिया। भगवान क्रोध में थे, शांत नहीं हो रहे थे, तब प्रह्लाद जी ने ही भगवान से प्रार्थना की। बड़ी लंबी प्रार्थना की। भक्ति की महिमा को विस्तार से बताया, भगवान की परम उदारता का बखान किया। प्रह्लाद जी ने नरसिंह प्रभु से प्रार्थना करते हुए बहुत लाड़-प्यार किया, तब प्रभु शांत हुए। खुश हुए और कहा कि कुछ मांगो।

तब क्या कहा प्रह्लाद जी ने सुनिए। कहा कि प्रभु, हमें आपसे कुछ नहीं चाहिए। भगवान ने कहा कि मांगो, बहुत खुश हूं। प्रह्लाद जी ने कहा, मैंने वणिक भक्ति नहीं की है। बनिया वाली भक्ति नहीं की कि सामान देना और उसके बदले में पैसा लेना। मैंने आपकी सेवा की, समर्पित हुआ, भजन किया, स्मरण किया, जो नवधा भक्ति के स्वरूप हैं, किंतु ये सब हमारे किसी उद्देश्य की सिद्धि के लिए नहीं हैं। इसके लिए हमें कोई रिटर्न गिफ्ट नहीं चाहिए। यह सब हमने आपकी सेवा के लिए स्वेच्छा से किया। इसका कोई सकाम उद्देश्य नहीं था। जो किया, निष्काम भाव से किया। हमारे पास जो भी है, वह आपको ही दिया, कुछ लेने के लिए नहीं दिया।

भक?त अपने स्वामी के लिए सर्वस्व अर्पित करता है, उसकी खुशहाली के लिए उसके बदले में कभी नहीं कहता कि हमें भी आप कुछ दीजिए। यही भक्ति का सबसे बड़ा सिद्धांत है- तत्सुखे सुखम्। उसके सुख में सुखी रहना। अपने सुख की परवाह नहीं करना। ऐसी गोपियां हुईं, तुलसीदास जी हुए, अनेक संत हुए, जिन्होंने कभी नहीं कहा कि हमें कुछ चाहिए। उन्होंने लेन-देन वाली वणिक भक्ति अपने जीवन में कभी नहीं की।

प्रह्लाद जी के बहुत मना करने बावजूद नरसिंह भगवान ने जोर देकर कहा कि मांगो, कुछ मांगो। तब प्रह्लाद जी ने कहा, ऐसी कृपा करें भगवान कि मेरी इच्छा ही जल जाए। जिस बीज को हम दग्ध भाव कर देते हैं, मतलब सिंकाई हो गई, तो उसमें से अंकुर नहीं निकलते हैं। आशीर्वाद दीजिए कि मेरे मन में कोई इच्छा ही नहीं हो। सारी इच्छाएं जल जाएं। अब क्या इच्छा, जब आप मिल गए। जब मेरा मन आपका हो गया, जब हमारी सभी इन्द्रियां आपको समर्पित हो गईं, तो अब क्या इच्छा? इच्छा दुखदायक है, नहीं चाहिए कुछ भी। ध्यान रहे, कोई जब संपूर्ण इच्छाओं को छोड़ता है, तब देवता हो जाता है। प्रयास करना चाहिए कि कम से कम इच्छाएं हों। अनेक महात्मा, ऋषि, संत इस देश में हुए, जिन्होंने बिना स्वार्थ संसार की सेवा की। आज के समय में बहुत आवश्यकता है कि हम प्रह्लाद जी से सीखें, उनकी भक्ति से प्रेरणा लें और कम से कम इच्छा करें।



सम्पादकीय

## असमान बारिश

देश के एक बड़े इलाके में भारी और लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। यातायात में परेशानी बढ़ी है, तो जगह-जगह जलभराव अनेक समस्याओं को जन्म दे रहा है। बीते दिनों से मुंबई, पुणे से भारी बारिश की खबरें आ रही थीं, पर गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लगभग 12 घंटे बारिश हुई है। आगे भी बारिश के आसार हैं और लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। गुरुवार को बारिश ने राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में भीषण गर्मी से राहत दिलाई, पर अफरा-तफरी का भी माहौल पैदा कर दिया। भारी बारिश का यह समय प्रशासकों और आपदा प्रबंधकों की परीक्षा का समय है। कई सड़कों पर जमा पानी की गहराई का अनुमान लगाना मुश्किल है। ऐसे में, कुछ दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, अतः खासकर जल भराव वाले क्षेत्रों में प्रशासन को चौबीस घंटे पूरी सतर्कता बरतनी चाहिए। क्या शहर-दर-शहर खतरनाक इलाकों को चिन्हित कर लिया गया है? क्या वहां लोगों की मदद के लिए जरूरी उपायों की तैनाती हो गई है? यहां यह जान लेना जरूरी है कि बारिश के चलते देश में अब तक करीब 60 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पता चलता है कि हमारे यहां का बुनियादी ढांचा आपदाओं से निपटने में सोलह आना सक्षम नहीं है।

बहरहाल, यह राहत की बात है, मानसून ने बस एक दिन की देरी से मतलब 9 जुलाई को पूरे देश को कवर कर लिया है। पहले ऐसा लग रहा था कि देश में व्यापकता में सूखा पड़ेगा, लेकिन फिलहाल ऐसी स्थिति नहीं है। देश में 9 जुलाई तक 239.1 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, पर 205.0 मिमी हुई है। समग्रता में अब तक 14 प्रतिशत कम बारिश हुई है। वैसे, देश में अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों को देखें, तो वर्षा की मात्रा में असमानता है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, जहां उत्तर प्रदेश में 199 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है, वहीं बिहार में सामान्य से 55 प्रतिशत कम बारिश हुई है। झारखंड में सामान्य से 87 प्रतिशत कम बारिश हुई है। उत्तराखंड में जहां 352 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है, वहीं हिमाचल में सामान्य से 12 प्रतिशत कम बारिश हुई है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश में सूखे जैसी स्थिति है। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में समग्रता में सामान्य से 38 प्रतिशत कम बारिश हुई है। अतः दिल्ली या मुंबई की भारी बारिश से हमें आश्वस्त नहीं होना चाहिए। अपेक्षाकृत अभावग्रस्त राज्यों में अगर बारिश सामान्य से कम होगी, तो असर अर्थव्यवस्था पर जरूर पड़ेगा। अभी सभी नदियों में जल नहीं उमड़ा है। अभी आधे से ज्यादा जलाशय नहीं भरे हैं, अतः देश को अभी और ज्यादा बारिश की जरूरत है।

ये कैसा प्रेम का प्रदर्शन

# भारत के पाक प्रेमियों की पीएम को चिट्ठी

बावजूद इसके कि पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी स्पष्ट कह चुके हैं कि सिंधु में पानी और भारत में खून दोनों एक साथ नहीं बहेंगे देश के कुछ कथित बुद्धिजीवी प्रभावशाली लोग मानवता के नाम पर अपने पाकिस्तान प्रेम को बार-बार उजागर करने से बाज नहीं आते। पाकिस्तान 1947 के बाद से आज तक नहीं सुधरा। उसकी एक ही पॉलिसी है भारत में आतंकवाद बनाए रखा जाए। भारत की उदारता रही कि सब कुछ सहने के बाद हर बार वह शांति के लिए पाकिस्तान के साथ वार्ता करता रहा लेकिन हर बार भारत को धोखा ही मिला। कांग्रेस के राज में जितनी आतंकी घटनाएं हुई भारत ने उन्हें अनदेखा कर पाकिस्तान के साथ न केवल बात की बल्कि तोहफे के रूप में करोड़ों की सहायता भी की। पाकिस्तान की धृष्टता की इससे बड़ी मिसाल और क्या हो सकती है कि भारत की हर शांति पहल के बाद उसने भारत पर युद्ध थोपने में संकोच नहीं किया। आज मोदी के कड़े रुख की तथाकथित बुद्धिजीवी, लेफ्ट लिबरल और पाक प्रेमी कश्मीरी सियासतदां खुलकर आलोचना करते हैं और अटल बिहारी वाजपेई की प्रशंसा करते हैं। लेकिन सच्ची बात तो यह है कि अटल जी भी पाकिस्तान को सबक सिखाने में पीछे नहीं रहे। पोखकरण विस्फोट इसी क्रम में किया गया निर्णय था। यह सही है कि उन्होंने 1998 में प्रधानमंत्री बनने के बाद अगले ही वर्ष लाहौर बस यात्रा की और मीनार ए पाकिस्तान जाकर दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने की कोशिश की, क्योंकि अटल जी ने ही कहा था कि हम दोस्त बदल सकते हैं किंतु पड़ोसी नहीं बदले जा सकते। इसके कुछ दिनों बाद ही पाकिस्तान ने कारगिल युद्ध कर जता दिया कि वह ऐसा पड़ोसी है जो केवल हथियारों की भाषा जानता है। प्रेम और भाईचारा तो उसकी डिक्शनरी में है ही नहीं। कारगिल का धोखा खाने के बाद भी अटल जी ने पाकिस्तान के सीईओ परवेज मुशर्रफ को आगरा में वार्ता हेतु बुलाया लेकिन बदमिजाज परवेज अपनी हठधर्मिता के कारण बेइज्जत होकर पाकिस्तान लौटने को मजबूर हुआ। 2004 के बाद कांग्रेस ने अपने पाकिस्तान प्रेम और भारत में मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते आतंकवाद के विरुद्ध कभी कठोर संदेश नहीं दिया। हर आतंकी हमले के बाद डोजियर सौंप कर पाक की करतूतों पर पर्दा डाल दिया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के दौर में तो हुर्रियत नेता यासीन मलिक जिसके दोनों हाथ कश्मीरी पंडित और सेना के अधिकारियों के खून से सने थे कांग्रेस का दामाद बनकर दिल्ली में मौज किया करता था जिसे मोदी राज में जेल की सलाखों के पीछे डाला गया। कांग्रेस का पूरा इतिहास पाकिस्तान प्रेम का ही रहा है। देश में मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस हमेशा पाकिस्तान के सामने घुटने टेकता रहा जिसने भारत की आम जनता को दुखी किया। विडंबना है कि आतंकी इतिहास का सबसे दुर्दांत हमला मुंबई में 2008 में पाक ने किया जिसमें 165 निर्दोष लोगों की जानें गई। ताज होटल में अनेक विदेशी नागरिकों को आतंकियों ने मौत के घाट उतारा उसके बाद भी कांग्रेस सरकार ने 2 साल बाद पाकिस्तान को मानवीय आधार पर 2.5 करोड डॉलर अर्थात 215 करोड रुपए की सहायता की। इस तरह की नीति ने भी पाकिस्तान के आतंकवाद को नष्ट करने की जगह पोषित किया। 2014 के बाद जब से मोदी ने शासन की बागडोर संभाली पाकिस्तान परेशान है। ऐसा नहीं है कि मोदी ने पाकिस्तान से संबंध सामान्य बनाने की दिशा में प्रयास नहीं किया। जब उन्होंने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो तत्कालीन पाक प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को शपथ ग्रहण में आमंत्रित किया यह सोचकर कि संबंध सामान्य होंगे। इसके बाद 2015 में उन्होंने प्रोटोकॉल तोड़कर अचानक लाहौर का दौरा किया लेकिन 2016 में पाकिस्तान ने पठानकोट और उरी तथा 2019 में पुलवामा आतंकी हमला कर मोदी के प्रयासों को अंगूठा बताया। यही नहीं 2021 और 2024 में भी सब कुछ भूलकर भारत ने सेना के स्तर पर और संघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में संबंधों को सामान्य करने के लिए कोशिश की लेकिन पाक नहीं सुधरा। संबंधों में खटास इतनी बढ़ गई कि भारत ने तय कर लिया कि आतंकवाद और वार्ता साथ-साथ नहीं चलेंगे। पाकिस्तान पहले आतंक का रास्ता छोड़े लेकिन पाकिस्तान ने एक बार फिर अपनी कपट पूर्ण कारगुजारी से आतंकी घटना को अंजाम दिया जब 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों को धर्म पूछ कर गोलियों से भून दिया। इस शर्मनाक आतंकी घटना के बाद पाकिस्तान सोच रहा था कि कांग्रेस के शासनकाल की तरह भारत डोजियर सौंपेगा और सब कुछ फिर सामान्य हो जाएगा लेकिन ऐसा न होकर भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने कड़ा रुख अपनाया। पाकिस्तान उरी और पठानकोट की आतंकी घटनाओं के बदले में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक भूल गया था किंतु मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान को सबक सिखाने ऑपरेशन सिंदूर कर पाकिस्तान के एयर बेसों को तहस नहस कर दिया और पाक को संदेश दिया कि भारत आतंकवाद से निपटना जानता है। यही नहीं भारत ने एक क्षण में सिंधु जल संधि को लंबित कर पाकिस्तान को जाने वाले पानी को रोक दिया। आज पाकिस्तान की यही पीड़ा उसे बार-बार भारत से वार्ता करने के लिए प्रेरित कर रही है और उसके लिए भारत के तथाकथित बुद्धिजीवी और पाक प्रेमी भी अपने प्रयासों में पीछे नहीं हैं। भारत के 61 और पाकिस्तान के 56 कुल 117 लोगों ने मिलकर प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पत्र लिखा कि मानवीयता के आधार पर भारत और पाकिस्तान को वार्ता करनी चाहिए। भारत के इन सभी कथित बड़े लोगों के दिल पाकिस्तान के लिए धड़क रहे हैं। उनके अंदर पाकिस्तान प्रेम इतना हिलोरें ले रहा है कि जैसे पाकिस्तान से बात नहीं की तो भारत गड्ढे में चला जाएगा। इन लोगों ने अपनी चिट्ठी में पाकिस्तान के युवाओं और आम नागरिकों की कथित पीड़ा को लच्छेदार शब्दों में उजागर किया। ये कथित बड़े लोग भारत के नागरिकों की पीड़ा को इस तरह अनदेखा करते हैं कि उन्हें पाक प्रायोजित आतंकवाद सामान्य घटनाएं लगती हैं। आश्चर्य है, ना तो उन्हें मुंबई हमले में मारे गए बेकसूर लोगों के परिजनों की पीड़ा द्रवित करती है और न पठानकोट और पिछले साल हुए पहलगाम और उरी के हमले में मारे गए लोगों के परिजनों की पीड़ा द्रवित करती है। उनकी चिंता के दायरे में केवल पाकिस्तान है, पाकिस्तान की अवाम है, युवा हैं और पाकिस्तानियों की पीड़ा है। ये दोगले और राष्ट्र विरोधी लोग भारत की 140 करोड़ जनता की पीड़ा की अनदेखी कर प्रधानमंत्री मोदी से वार्ता की गुजारिश कर रहे हैं।



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

श्रद्धांजलि

## तीजन बाई : पंडवानी को जन-जन तक पहुंचाया

प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई का निधन कला जगत की एक अपूरणीय क्षति है, छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति को पहचान दिलाने और पंडवानी को देशके जन-जन में पहुंचाने के साथ ही इस गायकी को विदेशों में लोकप्रिय करने वाली तीजनबाई का प्रारंभिक जीवन काफी कठिनाईयों भरा रहा , अभावों में रहकर बचपन में पंडवानी गायन के प्रति रूचि जागृत हुई और ऐसी जागृत हुई की पंडवानी और तीजनबाई एक दूसरे के पर्याय बन गए ,

अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ते हुए तीजन बाई ने इस कला में इतनी महारथ हासिल कर ली की देश के कई सांस्कृतिक मंचों पर अपना जलवा बिखेरने के साथ ही फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी,तुर्की, अमेरिका, स्वीटजरलैंड,जापान और की अन्य देशों में इस कला से लोगों को दिवाना बनाया, पद्मश्री, पद्मभूषण,संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, फुकुओका पुरस्कार और कई पुरस्कार और सम्मान अपने नाम किए, अनपढ़ होते हुए भी देश के कई विश्वविद्यालयों ने उन्हें मानद उपाधियां प्रदान की ,

यह मेरा सौभाग्य है कि 1988 और 1993 में इन्दौर लालबाग में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित मालवा उत्सव में निकट से सुनने का मौका मिला, दोनों आयोजन में उन्होंने महाभारत के कई प्रसंगों का बड़े जोश-खरोश के साथ अपने तानपुरे के साथ वर्णन किया था की वहां बैठे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए थे , अपने तानपुरे को ही कभी भीम का गदा ,तो कभी गांडीव धनुष तो कभी द्रोपदी के केश तो कभी किसी योद्धा की तलवार की तरह लहराकर कार्यक्रम में समां बांधे रखा था, उनकी प्रस्तुति के बीच लगा जैसे हम लालबाग में नहीं कुरूक्षेत्र के मैदान में साक्षात महाभारत देख रहे हो... कार्यक्रम पश्चात कुछ देर वातार्लाप करने और उनके साथ परिसर में लगे लोक कलाकारों की बनाई विभिन्न कलाकृतियों के स्टालों पर भ्रमण करने का अवसर भी मिला ॥

**- संजय डागा**



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 11 जुलाई 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:43 सूर्यास्त 19:12
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - द्वादशी 02:04 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - कृतिका 11:03 उपरांत रोहिणी
योग - गण्ड 24:05 उपरांत वृद्धि
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृषभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 25 तारिख

**मेष-** परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी।

**वृषभ-** व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। अहंकार के भाव मन में न आने दें।

**मिथुन-** व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा। आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा।

**कर्क-** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। समय का सदुपयोग होगा।

**सिंह-** कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा।

**कन्या-** स्वार्थ एवं भोग की प्रवृत्ति के कारण अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं कर पाएंगे। समय का सदुपयोग होगा।

**तुला-** वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा।

**वृश्चिक-** थकान रहेगी। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। अपना व्यवहार संयमित रखकर काम करें।

**धनु-** मानसिक बेचैनी रहेगी। मित्रों की मदद से समस्या का समाधान हो सकेगा।

**मकर-** नए अनुबंध हो सकते हैं। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुंभ-** कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा।

**मीन-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ में कमी आ सकती है। उचित मार्गदर्शन लेना जरूरी होगा। प्रमाद न करें।

व्यंग्य

## लोग क्या कहेंगे ?

सर्वे सन्तु निरामयाः अर्थात हम यह कामना करते हैं कि सभी निरोग रहे, सभी स्वस्थ्य रहे। हमारी संस्कृति हमें यही सिखाती हैं कि हम ईश्वर से प्रार्थना करे कि रोगी, निरोगी हो, वह स्वस्थ्य रहे` ऐसी भावना को हम धारण किये हुए हैं और यही हमारा धर्म हैं` यह हमारी प्राचीन परंपरा हैं कि कोई रिश्तेदार भी गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं तो हम उसके स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना करते है। प्राचीन समय में इन भावनाओं को केवल मिलकर ही व्यक्त किया जा सकता था` मिलना भी बड़ा कठिन हुआ करता था क्योंकि उसके लिए कठिन यात्रा माध्यम था, जो कि पैदल या घोड़ागाड़ी (तांगा) या बैलगाड़ी (छकड़ा) आदि के द्वारा ही यात्रा की जाती थी` इन यात्राओं को पूर्ण करने में हफ्ते और महीने बीत जाया करते थे` तब तक व्यक्ति स्वस्थ्य हो जाया करता था, या फिर उसका प्रभु मिलन हो जाया करता था` उस समय व्यक्तियों का आपस में मिलना कितना कठिन और समय बर्बाद करने वाला हुआ करता था, और सदैव यह चिंता बनी रहती थी कि मिलना होगा या नहीं।



नीतिश नागर
(दैनिक अवन्तिका)

कहते हैं आवश्यकता आविष्कार की जननी हैं यात्रा की आवश्यकता ने पेट्रोल वाहन, डीजल वाहन, रेलगाड़ी और एरोप्लेन आदि के आविष्कार कर दिए` अब समय से व्यक्ति एक दूसरे से मिल सकता हैं, हालचाल पूछ सकते हैं और स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ले सकता हैं` अब सब कुछ कितना आसान हो गया हैं` कोई हमारा करीबी या रिश्तेदार बीमार हैं तो हम उससे जाकर मिल सकते हैं, उसकी कुशल क्षेम पूछ सकते हैं, वो भी उससे प्रत्यक्ष मिलकर, बिना समय बर्बाद किये और वापस अपने घर लौट सकते हैं। मोबाईल के आने के बाद तो यह कार्य और भी तेज हो गया, अब तो हम पलक झपकते एक दूसरे को देख सकते हैं, बीमारी में हालचाल जान सकते हैं और बीमार व्यक्ति को देख भी सकते हैं लेकिन इतना सब होने के बाद भी प्रत्यक्ष मिलना जरूरी हैं, इसके पीछे एक डर हैं, वह डर लोगों के तानों का हैं, यह डर सदैव बना रहता है। हम यदि प्रत्यक्ष मिलकर नहीं आए तो, यह डर हैं लोग क्या कहेंगे।

प्राचीन समय में न मिल पाना मजबूरी हुआ करती थी, या देरी से पहुँचना एक नियति थी आज इतने साधन के बाद बहाने नहीं बना सकते हैं` आज हम करीबी या रिश्तेदार के बीमार होने पर चिंताग्रस्त हो जाते हैं , माथे पर चिंता की लकीर खींच जाती हैं` यह चिंता या दुःख रिश्तेदार के बीमारी की नहीं, बल्कि इस बात कि लोग क्या कहेंगे, कि इस व्यक्ति के खास करीबी ही इनसे मिलने नहीं आए` यह चिंता बीमारी की नहीं, यह चिंता या डर इस बात की हैं कि बीमार रिश्तेदार का हालचाल जानने नहीं गए तो लोग क्या कहेंगे, तो लोग यह कहेंगे कि बेटा या बेटी को चिंता नहीं माँ- बाप बीमार हैं या एक करीबी रिश्तेदार को अपने दूसरे करीबी रिश्तेदार की परवाह नहीं हैं, कम से कम एक बार आकर देख ही जाते` यहाँ पर बीमार व्यक्ति की परवाह नहीं, लोगों के तानों की परवाह हैं` आजकल व्यक्ति उसी डर से अपने करीबी रिश्तेदार या अपने माता-पिता से मिलने जाता हैं। लोक-लज्जा निवारण के लिए जाता हैं। उसमें बीमार व्यक्ति के प्रति संवेदना नहीं और ना ही व्यक्ति के स्वस्थ्य होने की कामना हैं।

बस देखने जाना हैं, जाना जरूरी हैं, सोच रहे हैं किसी दिन चले जायेंगे समय रहते चले गए तो ठीक, नहीं तो आसपास के लोगों के तानों की बौछार से घायल हुए समझो। जबकि इस डिजिटल युग में चैट और वीडियो कालिंग के द्वारा रोज मिल रहे हैं, रोज हालचाल जान रहे हैं, रोज उनके स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं` फिर भी फिजिकली उपस्थिति जरूरी हैं` यह डर नहीं तो क्या हैं ? डर उनके आस-पास रहने वाले के तानों का हैं, जिनको कोई काम नहीं, कोई लेना देना नहीं, कभी उन्होंने बीमार व्यक्ति के हालचाल चलते- चलते भी नहीं जाने होंगे। लेकिन वे अपने तानों के तीर से सबको धराशायी करने लगते हैं , जैसे ऐसा लगता हैं कि सबसे ज्यादा चिंता उन्हें ही हैं या सबसे ज्यादा परवाह उन्हें ही है। बीमार व्यक्ति के बेटा-बेटी या नजदीकी रिश्तेदार को बिल्कुल नहीं है।

# हृदय रोग के जोखिम को करने में मददगार है ये चीजें



पूरी दुनिया में दिल की बीमारी से हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। पिछली कई स्टडीज में ये बात साबित हो चुकी है कि प्लांट बेस्ड डाइट दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम करती है। हाल ही में शोधकर्ताओं ने ऐसी ही सौ से ज्यादा स्टडीज की समीक्षा की है। स्टडीज के नतीजे बताते हैं कि कुछ खास प्लांट फूड का दिल पर गहरा प्रभाव पड़ता है और ये बीमारियों से बचाव के साथ दिल के मरीजों में मौत की संभावना भी कम करते हैं।

स्टडीज पर शोधकर्ताओं का ये मेटा विश्लेषण कार्डियोवास्कुलर रिसर्च में प्रकाशित किया गया है। इसमें इटली के नेपल्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने हृदय रोग के जोखिम और आहार पैटर्न के बीच संबंधों का पता लगाया है। शोधकर्ताओं ने पाया कि ज्यादा सब्जियां और कम मीट दिल की बीमारी से मरने का खतरा काफी हद तक कम कर देते हैं। हरी सब्जियों के साथ टमाटर को शोधकताओं ने सबसे ज्यादा असरदार पाया।

शोधकर्ताओं का कहना है कि जब आप कम मीट खाते हैं और हरी पत्तेदार सब्जियों और टमाटर की मात्रा बढ़ा देते हैं तो हृदय रोग की संभावना अपने आप बहुत कम हो जाती है। टमाटर में लाइकोपीन एंटीऑक्सीडेंट होता है जो ना सिर्फ नाड़ी की कार्यक्षमता में सुधार करता है बल्कि बीमारियों से भी बचाता है।

इसके अलावा शोधकर्ताओं ने सैचुरेटेड फैट की जगह ऑलिव ऑयल जैसे मोनोअनसैचुरेटेड फैट को शामिल करने की सलाह दी है। शोधकर्ताओं ने पाया कि 5 ग्राम मात्रा में भी ऑलिव ऑयल के सेवन से कोरोनरी हार्ट डिजीज को 7 फीसद और कार्डियोवैस्कुलर डिजीज को 4 फीसद और दिल की बीमारी से मरने के खतरे को 8 फीसद तक कम किया जा सकता है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि हर दिन सब्जियों की कम से कम दो सर्विंग्स खाने से हृदय रोग से मरने का जोखिम 34% तक कम होता है। स्टडी की समीक्षा में हरी सब्जियों के साथ टमाटर खाने के सकारात्मक परिणाम ज्यादा पाए गए। इसके अलावा रेड, प्रोसेस्ड मीट और और कम करने से भी दिल को सुरक्षित रखा जा सकता है। शोधकताओं का कहना है कि हरी सब्जियां ना खाने के साइड इफेक्ट शरीर में साफतौर पर दिखाई देते हैं। हरी सब्जियों में खूब सारा फाइबर और विटामिन होता है जो शरीर के सही फंक्शन के लिए जरूरी हैं। वहीं टमाटर में लाइकोपीन के साथ-साथ कार्ब्स, पोटैशियम और प्रोटीन भी होता है जो शरीर को बीमारियों से दूर रखता है।

अगर आपको हरी सब्जियां पसंद नहीं है तो आप इसमें कई चीजें डालकर सलाद के तौर पर भी खा सकते हैं। इसके अलावा हरी सब्जियों या फिर टमाटर का जूस पीना भी शरीर को उतना ही फायदा पहुंचाता है जितने की इसे कच्चा खाना। सब्जियों का जूस पीने से इनके मिनरल्स शरीर में तुरंत पहुंच जाते हैं और जिसकी वजह से पाचन तंत्र अच्छा काम करता है।

धर्म-आस्था

# पत्नी के अंतिम संस्कार का अधिकार: पति, संतान या समर्पण से जुड़ा अपना?

सनातन धर्म में मानव जीवन को जन्म से लेकर मृत्यु तक सोलह संस्कारों की पवित्र परंपरा में बाँधा गया है। इन संस्कारों में अंतिम संस्कार को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि यह केवल शरीर का पंचतत्त्व में विलय नहीं, बल्कि आत्मा की अगली यात्रा के लिए श्रद्धा, कर्तव्य और सम्मान का अंतिम अनुष्ठान है। समय-समय पर यह प्रश्न उठता है कि यदि किसी विवाहित महिला की संतान न हो, तो उसके अंतिम संस्कार का अधिकार किसे प्राप्त होगा? क्या पति मुखाग्नि देगा, या यह दायित्व किसी अन्य परिजन को निभाना चाहिए?



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

धर्मशास्त्रों, गृह्यसूत्रों तथा प्राचीन परंपराओं के अनुसार यदि पति जीवित है तो सामान्यतः पत्नी के अंतिम संस्कार का प्रथम अधिकार और कर्तव्य उसी का माना गया है। इसके लिए संतान का होना आवश्यक नहीं है। यदि दंपती निःसंतान हों, तब भी पति अपनी पत्नी को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार सम्पन्न कर सकता है। यह केवल धार्मिक अधिकार नहीं, बल्कि सात फेरों के समय लिए गए जीवनपर्यंत साथ निभाने के संकल्प का अंतिम निर्वहन भी है।

भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण जीवन और मृत्यु के शाश्वत सत्य का स्मरण कराते हुए कहते हैं–

₹जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि॥₹
(भगवद्गीता २।२७)

अर्थात जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु निश्चित है और मृत्यु के बाद पुनर्जन्म भी निश्चित है। इसलिए मनुष्य को शोक में डूबने के स्थान पर अपने धर्म और कर्तव्य का पालन करना चाहिए।

सनातन परंपरा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह केवल नियमों का पालन नहीं कराती, बल्कि भावनाओं और मानवीय मूल्यों को भी समान महत्व देती है। धर्म केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि कर्तव्य, करुणा, कृतज्ञता और संबंधों की पवित्रता का नाम है। इसी कारण विशेष परिस्थितियों में परिवार यदि उचित समझे तो किसी ऐसे व्यक्ति को भी अंतिम संस्कार का दायित्व सौंप सकता है जिसने जीवनभर परिवार के प्रति असाधारण सेवा, निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया हो।

मेरे परिवार में घटित एक प्रेरणादायी घटना इसका जीवंत उदाहरण है। मेरी दादीजी के देहावसान के समय मेरे पूज्य दादाजी जीवित थे। धर्मशास्त्रों के अनुसार मुखाग्नि देने का अधिकार उनका था, किंतु उन्होंने स्वयं यह दायित्व ग्यारसीराम दादा को सौंप दिया।

ग्यारसीराम दादा बचपन में हमारे परिवार में सेवा के लिए आए थे। धीरे-धीरे उनका संबंध केवल सेवा तक सीमित नहीं रहा। वे परिवार के अभिन्न सदस्य बन गए। उन्होंने विवाह नहीं किया और अपना संपूर्ण जीवन परिवार की सेवा, निष्ठा और समर्पण को समर्पित कर दिया। परिवार के सुख-दुःख, उत्सव और संकट–हर अवसर पर वे सबसे पहले उपस्थित रहते थे। परिवार का प्रत्येक सदस्य उन्हें आदरपूर्वक ₹ग्यारसीराम दादा₹ कहकर संबोधित करता था।

दादाजी का यह निर्णय किसी धार्मिक व्यवस्था का विरोध नहीं था, बल्कि धर्म की आत्मा को समझने वाला निर्णय था। उन्होंने यह संदेश दिया कि परिवार केवल रक्त संबंधों से नहीं बनता। प्रेम, सेवा, त्याग और विश्वास भी ऐसे सूत्र हैं जो मनुष्यों को परिवार बना देते हैं। जिसने जीवनभर अपने स्वार्थ का त्याग कर परिवार को अपना माना, उसे अंतिम क्षणों में भी परिवार का सर्वोच्च सम्मान मिलना चाहिए।

यह घटना भारतीय संस्कृति के उस विराट स्वरूप को सामने लाती है जहाँ मानवता को सर्वोच्च धर्म माना गया है। गरुड़ पुराण में अंतिम संस्कार के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा गया है–

अन्त्येष्टिक्रियया युक्तः प्रेतभावं विमुञ्चति।

अर्थात विधिपूर्वक सम्पन्न अंतिम संस्कार दिवंगत आत्मा की आगे की यात्रा में सहायक होता है। यहाँ विधि के साथ श्रद्धा और पवित्र भावना को भी समान महत्व दिया गया है।

ग्यारसीराम दादा के प्रति परिवार का सम्मान उनके जीवन तक सीमित नहीं रहा। जब उनका देहांत हुआ, तब परिवार ने उनके बारह दिन के समस्त संस्कार भी परिवार के सदस्य की भाँति पूरे श्रद्धाभाव से सम्पन्न किए। यह केवल परंपरा का पालन नहीं था, बल्कि उस जीवनभर के समर्पण के प्रति कृतज्ञता का सार्वजनिक सम्मान था।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्का- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,42,500 रवा- 1,42,300 चांदी- टंच- 2,25,500 पाट- 2,24,500।


## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



एबीवीपी ने मनाया राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस व स्थापना दिवस

## विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया पौधारोपण

**शुजालपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शुजालपुर नगर इकाई ने गुरुवार को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं परिषद के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यकताओं ने शासकीय महाविद्यालय परिसर स्थित विवेकानंद पार्क में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद महाविद्यालय के बोटैनिकल गार्डन में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नगर मंत्री अजय गुर्जर ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई थी। परिषद ने अपने 78 वर्ष पूरे कर लिए हैं और इस दौरान लगातार विद्यार्थियों के हितों की रक्षा तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि परिषद प्रत्येक वर्ष 9 जुलाई को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाती है। जुलाई माह एबीवीपी से जुड़े प्रत्येक कार्यकर्ता और विद्यार्थियों के लिए उत्सव का महीना होता है जिसमें संगठनात्मक एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष डॉ.मनोहर मेवाड़ा, नगर उपाध्यक्ष डॉ. पूजा साँखला सहित बड़ी संख्या में परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों द्वारा 33 केवी लाइन हटाने की मांग की, अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपा



**आगर मालवा।** आगर मालवा जिले के ग्राम पालड़ा के ग्रामीणों ने गुरुवार को अधीक्षण यंत्री कार्यालय पहुंचकर आबादी क्षेत्र से गुजर रही 33 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन को हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने विभाग के डीई इंदर सिंह धाकड़ पर अभद्र व्यवहार और धार्मिक भावनाएं आहत करने का भी आरोप लगाया। ग्रामीणों ने अधीक्षण यंत्री रत्नेश अयाची को दिए ज्ञापन में बताया कि गांव की मुख्य आबादी, मंदिर परिसर और व्यस्त मार्ग के ऊपर से 33 केवी लाइन गुजर रही है, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बारिश, तेज हवा और आंधी के दौरान यह खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने जनहित और सुरक्षा का हवाला देते हुए विद्युत लाइन को आबादी क्षेत्र से हटाकर किसी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्रामीणों ने विभाग में पदस्थ डीई इंदर सिंह धाकड़ पर अभद्र व्यवहार करने और अपशब्द कहकर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप भी लगाया। इस संबंध में एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर ने संबंधित अधिकारी का मेडिकल परीक्षण कराकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम पालड़ा के बड़ी संख्या में ग्रामीण और अन्य लोग मौजूद रहे।

## राज्य शिक्षक संघ ने नवागत जिला शिक्षा अधिकारी पांडेय का किया स्वागत

**आगर मालवा।** राज्य शिक्षक संघ की जिला इकाई ने गुरुवार को नवागत जिला शिक्षा अधिकारी नीतेश पांडेय का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सौरभ जैन का भी सम्मान किया गया। स्वागत समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी पांडेय ने कहा कि जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। उन्होंने शिक्षकों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भरत कुमार जाटव, प्रांतीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दुर्गाशंकर शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बबलू मंडलोई, वरिष्ठ शिक्षक कालू सिंह फौजी, गोवर्धन प्रसाद व्यास, कमल सिंह राठौड़, गिरिराज पाटीदार, मोहन सिंह यादव, महावीर जैन, कैलाशचंद्र सूर्यवंशी, राधेश्याम मेवाड़ा, केसी मालवीय, शाहना कुरैशी, द्वारकीलाल पाटीदार, गोकुल सिंह यादव सहित शिक्षक मौजूद रहे। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष बबलू मंडलोई ने आभार व्यक्त किया।

### खण्डन जाहिर सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि दिंनाक 10.06.2026 को श्री राधेश्याम जी यादव एडव्होकेट बडनगर, निवासी राधा कृष्ण कालोनी बडनगर जिला उज्जैन द्वारा जाहिर सूचना जारी की गई है। उक्त जाहिर सूचना का मेरे पक्षकारगण मांगीलाल पिता हिन्दु जी व मोहनलाल पिता हिन्दु जी सर्वगण जाति बलाई निवासीगण ग्राम पलदुना तह. बडनगर जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य का एक भुमि सर्वे न. 45/3 रकबा 0.70 हे. का सौदा मोहनसिंह पिता भंवरसिंह जाति बलाई निवासी कजलाना तह. सांवेर जिला इन्दौर से दिंनाक 25 जुन 2025 को उक्त वर्णित भुमि का सौदा किया गया था जिसके अनुसार अनुबंध पत्र सम्पादित किया गया था उक्त अनुबंध पत्र मे तय शर्ते अनुसार दिनांक 25.09. 2025 को उक्त भुमि का पंजीकृत विक्रय पत्र कराने का इकरार किया था। लेकिन मोहनसिंह के द्वारा अनुबंध पत्र मे उल्लेखित दिंनाक 25.09.2025 को अनुबंध पत्र की शर्ते अनुसार राशि का भुगतान नही करने से एंव उक्त अनुबंध मे तय शर्ते के अनुसार विकय पत्र सम्पादित नही करने से मेरे पक्षकारगणो द्वारा दिनांक 08.10.2025 को अपने अभिभाषक के माध्यम से रजिस्टर्ड सूचना पत्र जारी कर अनुबंध की शर्ते अनुसार रूपए अदा कर विक्रय पत्र सम्पादित करने के लिए सुचित कर दिया गया था। उसके उपरात भी मोहनसिंह के मन बदयान्ति आने से अनुबंध पत्र में तय शर्ते के अनुसार ना तो राशि अदा करी और ना ही पंजीकृत विक्रय पत्र सम्पादित करवाया गया। इसलिए मोहनसिंह द्वारा सम्पादित किया गया अनुबंध पत्र में शर्ते अनुसार अनुबंध पत्र स्वत्वः ही निरस्त होकर मेरे पक्षकारगण पर ना तो बंधनकारक है और ना ही पालनीय है। मेरे पक्षकारगण उक्त अनुबंध पत्र की शर्तो का उल्लंघन होने एंव सुचना पत्र का पालन नही करने से पुर्ण रूप से स्वतंत्र होकर अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भुमि को अंतरित, हस्तांतरित एंव अन्य किसी भी जन को विक्रय करने के लिए स्वतंत्र है तथा आपके द्वारा उक्त भुमि के सबंध में यदि कोई असत्य न्यायालीन व कानुनी कायार्वाही की गई तो वह कार्यावाही मेरे पक्षकारगण पर ना ही बंधनकारक और ना ही पालनीय है।

अतः आपके द्वारा दी गई जाहिर सूचना का खंडन मेरे पक्षकारगण द्वारा किया जाता है। दिंनाकः-10.07.2026

**सौदानसिंह पंवार अभिभाषक**
**बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र)**
**मो- 6261564890**

बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

# शिक्षा पोर्टल के कार्यों की समीक्षा, घर-घर सर्वेक्षण प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर में संकुल केंद्र अकोदिया, अवंतिपुर बड़ोदिया एवं पोलायकला के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों एवं प्रभारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा पोर्टल के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान एफ एलएन के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में बीआरसीसी सुरेन्द्र गोखले ने शिक्षा पोर्टल 3.0 पर कक्षा एक में प्रवेश, कक्षाओं का अद्यतन, बाल अनुगमन अनुप्रयोग के माध्यम से सर्वेक्षण, सत्र 2026-27 की विद्यालय एवं विद्यार्थी जानकारी का अद्यतन, छात्रवृत्ति, गणवेश, समग्र विद्यालय सूचना प्रणाली यू डाइस प्लस पर कक्षा अद्यतन, अपार पहचान पत्र एपीएआर आईडी निर्माण तथा पाठ्यपुस्तकों के वितरण सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की कक्षाओं के नियमित संचालन, राज्य स्तर से प्राप्त शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग तथा विद्यालय स्तर पर प्रधान अध्यापकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दिया।

बैठक के दूसरे सत्र में साक्षरता स्त्रोत समन्वयक मनराज परमार ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए घर-घर सर्वेक्षण तथा राष्ट्रीय भारत साक्षरता कार्यक्रम के मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। दोपहर बाद आयोजित ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक में मिशन अंकुर के ब्लॉक प्रभारी संजय राजपूत एवं रवि विश्वकर्मा ने बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान कार्यक्रम के अंतर्गत अप्रैल एवं जून माह की प्रगति की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए शिक्षण गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर बीआरसीसी सुरेन्द्र गोखले ने समस्त विकासखंड शैक्षणिक समन्वयकों एवं जनशिक्षकों को प्रभावी मार्गदर्शन, नियमित विद्यालय अवलोकन तथा विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक का संचालन संजय देशमुख ने किया। इस दौरान विकासखंड शैक्षणिक समन्वयक राकेश पांचाल, रोशन सिंह परमार, दीपक विश्वकर्मा, ब्लॉक के समस्त जनशिक्षक, संकुल साक्षरता समन्वयक मनराज परमार, रामचरण दसवंती, जगदीश कारपेंटर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## बच्चे पर कुत्ते का हमला, पैर में काटा

देवास में 7 दिन में 108 मामले

**देवास।** शहर और आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हाल ही में जलोनी सियापुरा में 10 वर्षीय मोहित मालवीय पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर उसे घायल कर दिया। वहीं, पिछले सात दिनों में जिला अस्पताल में कुत्तों के काटने के 108 मामले दर्ज किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, मोहित अपने घर के बाहर दोस्तों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता वहां पहुंचा और उस पर हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्चे को जमीन पर गिराकर उसके पैर में काट लिया, जिससे वह घायल हो गया। बच्चे के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख कुत्ता वहां से भाग गया। इसके बाद परिजन मोहित को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। शहर में लगातार बढ़ रही कुत्तों के काटने की घटनाओं ने नगर निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है, ताकि

108 गौशालाओं का दौरा पूरा, सीएम को सौंपेंगे रिर्पोट

# शाजापुर में 'हर-हर गाय, घर-घर गाय' अभियान को मिलेगा विस्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत ने 'हर-हर गाय, घर-घर गाय' अभियान के तहत 108 गौशालाओं का दौरा पूरा कर लिया है। शाजापुर पहुंचने पर उन्होंने बताया कि इस अभियान की विस्तृत रिपोर्ट 15 जुलाई के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपी जाएगी। राजपूत ने कहा कि यह अभियान वर्ष 2016 से प्रदेशभर में जनजागरण कर रहा है। इसके तहत 25 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए चरण में प्रदेश की 108 गौशालाओं का भ्रमण किया गया। इस दौरान गौशालाओं की व्यवस्थाओं, समस्याओं और गौसेवकों से चर्चा की गई। यह चरण सेमली धाम आश्रम में 108वीं गौशाला के दौरे के साथ संपन्न हुआ।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 45 से अधिक जिलों का दौरा किया गया। प्रदेश में तीन हजार से अधिक गौशालाएं संचालित हैं, जिन्हें सरकार प्रति गाय 40 रुपए की सहायता प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त, सालरिया और रीवा सहित कई स्थानों पर बड़े गौ अभयारण्य विकसित किए जा रहे हैं, जिससे निराश्रित गौवंश की समस्या का समाधान होगा।

प्राकृतिक खेती के संबंध में उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार गौ-आधारित खेती को बढ़ावा दे रही है। सरकार किसानों को प्रोत्साहन, जैविक उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने और भविष्य में छोटे किसानों के लिए बैल आधारित कृषि उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य कर रही है।

### गाय को एक रोटी रोज खिलाने की अपील

राजपूत ने आम जनता से अपील की कि प्रत्येक परिवार प्रतिदिन एक रोटी गाय को खिलाए या वर्ष में 365 रुपए गौशालाओं को दान करे। उन्होंने जन्मदिन और पुण्यतिथि जैसे अवसरों को गौशालाओं में मनाने का भी आग्रह किया।

प्रशासन से शिकायत करने पहुँचे रहवासी

# ज्योति नगर में अतिक्रमण से रास्ते अवरुद्ध, 40 परिवार हो रहे परेशान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



अपना आशियाना बनाने का सपना संजोकर प्लॉट खरीदने वाले लोग अब कॉलोनाइजर की बेरुखी और अतिक्रमणकारियों की मनमानी का शिकार हो रहे हैं। शहर के ज्योति नगर क्षेत्र में रास्तों पर हुए अवैध कब्जों ने करीब 40 परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

मुख्य मार्ग बंद होने से यहां के रहवासियों का रोजमर्रा का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया है, जिसके चलते उन्होंने अब मजबूरी में प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। राधास्वामी आश्रम के पीछे स्थित इस कॉलोनी के रहवासी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और यहां अधिकारियों से शिकायत करते हुए बताया कि सार्वजनिक मार्गों पर कुछ लोगों ने अवैध निर्माण कर लिए हैं। हालत यह है कि पैदल चलने और दोपहिया-चारपहिया वाहन निकालने में भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सबसे बड़ी चिंता आपातकालीन स्थितियों को लेकर है, क्योंकि रास्ते इतने सकरे हो गए हैं कि एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड का कॉलोनी में पहुंचना लगभग असंभव है। मुख्य रास्ता बंद होने से लोग दूसरों के खाली प्लॉटों से गुजरने को मजबूर हैं, जिससे कॉलोनी में आए दिन विवाद हो रहे हैं।

### विकास कार्य पड़े हैं ठप, कॉलोनाइजर ने झाड़ा पल्ला

रहवासियों का आरोप है कि कॉलोनाइजर प्लॉट बेचकर रास्तों की व्यवस्था से पल्ला झाड़ चुके हैं। वहीं, रास्तों के इसी विवाद के कारण कॉलोनी में सीवर (मल-जल) योजना सहित अन्य मूलभूत विकास कार्य भी शुरू नहीं हो पा रहे हैं। रहवासियों ने मांग की है कि संबंधित विभाग द्वारा शीघ्र ही स्थल का निरीक्षण किया जाए, सार्वजनिक मार्गों से अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाकर मुख्य रास्तों को पुनः चालू कराया जाए, रुकी हुई सीवर योजना और अन्य विकास कार्यों को जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

# सड़क किनारे बनीं अस्थायी दुकानें हटाईं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास में भोपाल बायपास पर गुरुवार को नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाए। कार्रवाई के दौरान वर्षों से संचालित हो रही अस्थायी दुकानों को हटाया गया। आधा दर्जन से अधिक अतिक्रमण ध्वस्त किए गए और कई दुकानों का सामान भी जब्त किया गया। यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा समिति की हालिया बैठक में उठाए गए मुद्दे के बाद की गई। समिति ने भोपाल बायपास पर




सड़क किनारे लगी अस्थायी दुकानों से यातायात प्रभावित होने और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ने पर चिंता जताई थी। दुकानों पर खरीदारी करने आने वाले लोग अपने वाहन बायपास पर ही खड़े कर देते थे, जिससे अक्सर जाम जैसी स्थिति बनती थी। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई से पहले दुकानदारों को एक-दो दिन पहले अतिक्रमण स्वयं हटाने की समझाइश दी गई थी। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। संयुक्त टीम मौके पर पहुंची तो कुछ दुकानदारों ने और समय देने की मांग की। अधिकारियों ने पहले ही सूचना दिए जाने का हवाला देते हुए मांग स्वीकार नहीं की और कार्रवाई जारी रखी।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भुमि स्वामी कृषक (1) सौदानसिंह पिता गंगाराम जाति सौ. राजपुत निवासी ग्राम नान्देड तहसील माकडौन (तराना) जिला उज्जैन कि अपने स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम नान्देड तहसील माकडौन (तराना) जिला उज्जैन में भुमि सर्वे नम्बर 14 रकबा 0.20 हेक्टेयर भुमि सर्वे नम्बर 15/2 रकबा 0.25 हेक्टेयर भूमि सर्वे नम्बर 16 रकबा 0.81 हेक्टेयर भुमि सर्वे नम्बर 17 रकबा 0.85 हेक्टेयर भूमि कुल सर्वे नम्बर 04 कुल रकबा 2.11 हेक्टेयर भुमि स्थित है, इस भूमि को भूमिस्वामी से पुर्व मे विक्रय अनुबंध पत्र के आधार पर क्रय कर विक्रेता (1) रोहित कुमार पिता भगवानसिंह जाति राजपुत निवासी ग्राम देवली तहसील तराना जिला उज्जैन के द्वारा मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे हैं, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित मे संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो ।

**रवि प्रजापति अभिभाषक**
**नयापुरा रोड कोर्ट के पास,**
**तराना, जिला उज्जैन कार्यालय**
**समय सुबह 10 बजे से**
**शाम 4:30 बजे तक**
**मो.नं. 8827905460**



## 7 करोड़ का पुल का हिस्सा पहली बारिश में बहा, कुछ माह पहले बना था

**देवास।** देवास जिले में होशियारी और मकोडिया के बीच करीब 7 करोड़ रुपये की लागत से बना एक पुल पहली तेज बारिश में बह गया। लगभग तीन-चार माह पहले ही इसका निर्माण कार्य पूरा हुआ था, जिससे पुल की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह घटना गुरुवार को सामने आई, जब पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि करोड़ों की लागत से बना यह पुल पहली ही बारिश का दबाव नहीं झेल सका। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि जिस पुल से वर्षों तक आवागमन की उम्मीद थी, वह इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त हो गया। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और संबंधित निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने और दोषी अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## बारिश में नाला बंद करने का विरोध, लौटाई जेसीबी, घरों में घुसेगा पानी



**देवास।** देवास के आवास नगर में गुरुवार को पानी निकासी को लेकर विवाद हो गया। पुराने नाले को बंद करने के प्रयास के आरोप के बाद रहवासी सड़क पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पार्षद बिंदु वर्मा और उनके प्रतिनिधि राज वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी से चल रही कार्रवाई रुकवा दी। रहवासियों का कहना है कि क्षेत्र के वर्षों पुराने नाले को एक कॉलोनाइजर द्वारा बंद किया जा रहा था। इसके लिए इंजीनियर और ठेकेदार जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचे थे। उनका आरोप है कि यदि यह नाला बंद हुआ तो तेज बारिश में आवास नगर के सैकड़ों घरों में पानी भर जाएगा। पार्षद बिंदु वर्मा ने बताया कि महिलाओं से सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचीं और कार्रवाई रुकवाई। उन्होंने आरोप लगाया कि पास में विकसित की जा रही कॉलोनी के लिए नाले की प्राकृतिक निकासी प्रभावित की जा रही है। इससे पूरे क्षेत्र के लोगों को परेशानी होगी। पार्षद प्रतिनिधि राज वर्मा ने कहा कि बारिश शुरू होने से पहले नगर निगम को इस समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भुमि सर्वे क्रंमाक 61/1/1 (S) रकबा 0.3700 हैक्टेयर स्थित ग्राम शंकरपुरजागीर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. मे स्थित है। उक्त संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने वर्तमान स्वामी कन्हैयालाल पिता श्री लक्ष्मण निवासी- शंकरपुरजागीर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से किया है तथा मेरे पक्षकार ने उक्त संपत्ति के बयाना पेटे राशि कन्हैयालाल पिता श्री लक्ष्मण जी को अदा कर दी है तथा शेष राशि अदा करके उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में कराया जाना शेष है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि कृषि भूमि में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त भूमि के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी का कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक**
**87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा**
**फ्रीगंज, उज्जैन मोबाइल न. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड/भवन क्रंमाक 121 पुराना क्रमांक 299 का भाग दक्षिण तरफ का नया नगर पालिक निगम क्रमांक 121 खण्डेलवाल नगर सेक्टर ए एम.आर. - 5 रोड़ उज्जैन म.प्र.मे स्थित है। जिसका कुलक्षैत्रफल 98.64 वर्गमीटर। जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार पूर्व में- कॉलोनी की सड़क, पश्चिम में- भवन क्रमांक 137, उत्तर में- भवन क्रमांक 121 का शेषभाग एवं दक्षिण में- भवन क्रमांक 122 स्थित है। उक्त संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने वर्तमान स्वामी चैतन्य कौशिक पिता श्री तरूण कौशिक निवासी- 46/18 राजस्व कॉलोनी उज्जैन म.प्र. से किया है तथा मेरे पक्षकार ने उक्त संपत्ति के बयाना पेटे राशि चैतन्य कौशिक को अदा कर दी है तथा शेष राशि अदा करके उक्त भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में कराया जाना शेष है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सपंत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त भवन के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी का कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक**
**87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा**
**फ्रीगंज, उज्जैन मोबाइल न. 9301860352**




## विहिप-बजरंग दल ने सेवा सप्ताह के तहत किया पौधारोपण व गौसेवा

**नागदा।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल नागदा प्रखंड द्वारा 'सेवा सप्ताह' के अंतर्गत प्रखंड सहसंयोजक दिनेश परमार के नेतृत्व में गौसेवा, पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सेवा गतिविधियों के तहत कोटा फाटक ब्रिज के समीप स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही निकटवर्ती गौशाला में साफ-सफाई कर गौसेवा का कार्य भी किया गया। कार्यक्रम में रमेश कुमार प्रजापत (जिला सेवा प्रमुख), रोशन शुक्ला (जिला गौरक्षा प्रमुख), मनीष व्यास (जिला सहसंयोजक), रेनू राठी, कमल माली (प्रखंड उपाध्यक्ष), विनोद माली (प्रखंड गौरक्षा प्रमुख) सहित भोला, चेतन, रुपेश, डॉ. पंकज, कपिल एवं अन्य बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने नगरवासियों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण और गौसेवा भारतीय संस्कृति की अमूल्य परंपराएं हैं तथा इनके माध्यम से समाज और प्रकृति दोनों की सेवा की जा सकती है।

## लायंस क्लब नागदा 51वां संस्थापन समारोह आज सेवा संकल्प होगा सशक्त

**नागदा।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-जी2 के अंतर्गत लायंस क्लब नागदा का 51वां संस्थापन समारोह शनिवार, 11 जुलाई 2026 को सायं 7:30 बजे स्नेह कुंज गार्डन, इंगोरिया रोड, नागदा जंक्शन पर गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा। समारोह में नवनियुक्त अध्यक्ष लायन एस.एस. शर्मा के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी आगामी सत्र के लिए सेवा, समर्पण एवं सामाजिक दायित्वों का संकल्प लेकर क्लब की गतिविधियों को नई दिशा देने का संदेश देगी। कार्यक्रम में मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन PMJF लायन प्रवीण वशिष्ठ शपथ विधि अधिकारी के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा नवीन टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। आयोजन में लायंस इंटरनेशनल के वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न लायंस क्लबों के प्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। समारोह के दौरान क्लब द्वारा विगत वर्षों की सेवा गतिविधियों का उल्लेख करते हुए आगामी सत्र की जनहित एवं समाजसेवा से जुड़ी योजनाओं की रूपरेखा भी प्रस्तुत की जाएगी।

## हायर सेकेंडरी विद्यालय नारायणा का पहुंच मार्ग बदहाल, छात्रों को हो रही परेशानी

**मार्ग सुधार की मांग, प्राचार्य ने प्रशासन को सौंपा आवेदन**



**महिदपुर।** शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय नारायणा के पहुंच मार्ग की खराब स्थिति के कारण विद्यार्थियों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनजीवन मिशन की पाइपलाइन सुधार कार्य के बाद मार्ग को पुनः व्यवस्थित नहीं किया गया, जिससे वहां कीचड़ भर गया है और आवागमन बाधित हो गया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय पहुंचने वाले मार्ग की पूरी चौड़ाई में लगभग चार फीट तक कीचड़ जमा है। इसके कारण छात्र-छात्राओं को पैदल विद्यालय पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। मार्ग की स्थिति इतनी खराब है कि साइकिल, मोटरसाइकिल एवं अन्य छोटे वाहन भी वहां से नहीं निकल पा रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश पाठक ने इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत नारायणा के सरपंच भगवान सिंह गोयल एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महिदपुर को आवेदन देकर शीघ्र मार्ग सुधार की मांग की है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में लगभग 225 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जो प्रतिदिन इसी मार्ग से विद्यालय आते-जाते हैं। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने भी प्रशासन से मांग की है कि विद्यार्थियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मार्ग की तत्काल मरम्मत कर उसे आवागमन योग्य बनाया जाए, ताकि छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## शिवनारायण शर्मा पुनः बने मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष



**महिदपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवनारायण शर्मा को एक बार फिर मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी पुनर्नियुक्ति को संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रिय कार्यशैली तथा सनातन संस्कृति एवं पुजारी समाज के हित में किए गए कार्यों की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। नियुक्ति की घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पुजारी समाज और उनके शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। समर्थकों ने इसे पुजारी समाज के सम्मान और उनकी लंबे समय से उठाई जा रही मांगों एवं समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि शिवनारायण शर्मा के नेतृत्व में मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ प्रदेशभर में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगा तथा पुजारी समाज के हितों की रक्षा एवं उनके सशक्तिकरण के लिए प्रभावी कार्य करेगा। शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके सफल, यशस्वी और जनहितकारी कार्यकाल की कामना की। साथ ही ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और संगठनात्मक सफलता की प्रार्थना की गई।

किसानों को सलाह

# खेतों में नमी हो तभी खरपतवार दवाई का स्प्रे करें किसान- कृषि अधिकारी राजपूत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



खरपतवारों की रोकथाम में ध्यान देने योग्य बात यह है कि खरपतवारों का सही समय पर नियंत्रण करें चाहे किसी भी प्रकार से करें। सोयाबीन की फसल में खरपतवारों की रोकथाम के जो तरीके है उन तरीकों से की जा सकती है। इसलिए जागरूकता जरुरी है। उक्त समझाइश सलाह जारी करते हुए सारंगपुर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश राजपूत ने किसानों को दी है। उन्होंने कहा कि अभी खेतो में नमी नहीं है, जो किसान भाई खरपतवार दवाई का स्प्रे कर रहे हैं, ऐसे मौसम में नहीं करे तथा नमी होने पर खरपतवार दवा को पाटलो के बीच में स्प्रे करें, फसल पर नही। खरपतवार दवा के साथ कीटनाशक दवा नहीं मिलावे, मिला कर फसलों पर स्प्रे करने पर फसलों को नुकसान हो सकता है।

**किसानों को दी जरूरी सलाह, बताई विधि**

निवारक विधिः इस विधि में वे क्रियाएं शामिल हैं जिनके द्वारा सोयाबीन के खेत में खरपतवारों को फैलने से रोका जा सकता है जैसे प्रमाणित बीजों का प्रयोग, अच्छी सड़ी कम्पोस्ट एवं गोबर की खाद का प्रयोग, खेत की तैयारी में प्रयोग किए जाने वाले यंत्रों की प्रयोग से पूर्व अच्छी तरह से सफाई इत्यादि।

**यांत्रिक विधि-** यह खरपतवारों पर काबू पाने की सरल एवं प्रभावी विधि है। सोयाबीन की फसल में बुवाई के 20-45 दिन के मध्य का समय खरपतवारों से प्रतियोगिता की दृष्टि से क्रान्तिक समय है। दो निराई गुदाईयों से खरपतवारों की बढ़वार पर नियंत्रण पाया जा सकता है। पहली निराई बुवाई के 20-25 दिन बाद तथा दूसरी 40-45 दिन बाद करनी चाहिए। निराई-गुराई कार्य हेतु ह्वील हो या ट्रिवन ह्वील हो का प्रयोग कारगर एवं आर्थिक दृष्टि से सस्ता पड़ता है।

**रासायनिक विधि-** खरपतवार नियंत्रण के लिए जिन रसायनों का प्रयोग किया जाता है उन्हें खरपतवारनाशी (हरबीसाइड) कहते हैं। रासायनिक विधि अपनाने से प्रति हेक्टेयर लागत कम आती है तथा समय की भारी बचत होती है लेकिन इन रसायनों का प्रयोग करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि इनका प्रयोग उचित मात्रा में उचित ढंग से तथा उपयुक्त समय पर हो अन्यथा लाभ की बजाय हानि की संभावना रहती है।

### यह भी जागरूकता है जरूरी

- प्रत्येक खरपतवारनाशी रसायनों के डिब्बों पर लिखे निदेर्शों तथा उसके साथ दिए गए पर्चे को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा उसमें दिए गए तरीकों का विधिवत पालन करें।
- खरपतवारनाशी रसायन को उचित समय पर छिड़के। अगर छिड़काव समय से फहले या बाद में किया जाता है तो लाभ के बजाय हानि की संभावना रहती है।
- खरपतवारनाशी का पूरे खेत में समान रूप से छिड़काव होना चाहिए।
- खरपतवारनाशी का छिड़काव जब तेज हवा चल रही हो तब नहीं करना चाहिए तथा जब छिड़काव करें, मौसम साफ होना चाहिए।
- छिड़काव करते समय इसके लिए विशेष पोशाक, दस्ताने तथा चश्में इत्यादि का प्रयोग करना चाहिए ताकि रसायन शरीर पर न पड़े।
- छिड़काव कार्य समाप्त होने के बाद हाथ, मुंह साबुन से अच्छी तरह धो लेना चाहिए तथा अच्छा हो यदि स्नान भी कर लें।
- खरपतवारनाशी प्रमाणित जगह से रसीद के साथ खरीदे ताकि मिलावटी दवा की सम्भावना न रहे।

ब्लॉक कांग्रेस की पंचायत स्तरीय बैठकें 6 पंचायतों में संपन्न

# संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर




बड़नगर ब्लॉक कांग्रेस के तत्वावधान में लाल दक्षिण क्षेत्र की ग्राम पंचायत बंगरेड, लोहाना , नावदा, गुणावद, पीरझलार एवं अमला में पंचायत स्तरीय बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।

ब्लॉक अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज के मार्गदर्शन में हुई इन बैठकों में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, बीएलए 2 से संवाद, बूथ स्तर की सक्रियता बढ़ाने और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठकों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार, विधानसभा प्रभारी चंद्रशेखर पालीवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में जिला अध्यक्ष महेश परमार ने कहा की कांग्रेस को फिर से जन-जन की पार्टी बनाना है। इसके लिए हमें बूथ स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करना होगा। हर गांव में संगठन की जड़ें मजबूत होंगी तभी हम जनता की आवाज सशक्त रूप से उठा पाएंगे। कार्यकर्ता ही हमारी असली ताकत हैं।विधानसभा प्रभारी चंद्रशेखर पालीवाल ने कहा कि पंचायत स्तर की ये बैठकें संगठन को नई दिशा देंगी। हमें हर कार्यकर्ता तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाना है और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करना है। शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शों के अनुसार हम बड़नगर को संगठनात्मक रूप से नंबर-1 बनाएंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष होशियार सिंह राजावत, जिला कांग्रेस महासचिव भैरूलाल जाट, बद्रीलाल आचार्य, जिला सचिव युनुस पटेल, अमजद खान, अनोखीलाल राठौड़, शहर अध्यक्ष रईस कुरैशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह सोलंकी , अनिल शर्मा , मंडलम अध्यक्षगण - राजेंद्रसिंह मोहनसिंह, दीपक जाट, आजाद खान, बद्रीलाल यादव, कुलदीप धाकड़, गोपाल पटेल, पी एन माथुर, शैलेंद्र सिंह सिसौदिया, पार्षद प्रतिनिधि तरुण आचार्य , विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष देवेश पटेल, गुलरेज मंसूरी, रईस निजामी, धनंजय सिंह सिसोदिया, भवरसिंह तोमर, बंसीलाल लोहार, जगदीश कोचर, सत्यनारायण ठाकुर, कैलाश बैरागी, लक्ष्मी नारायण चौधरी, लक्ष्मीनारायण कामदार, पूर्व पार्षद चांद खा, संदीप परमार ,अमन लोहार , लक्ष्मीनारायण जाट , प्रकाश प्रजापत , तेजकरण पटेल , कल्याण पटेल , भवरसिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, बीएलए -2, एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जानकारी भावेश जैन ने दी।



## न.प. सार्वजनिक शौचालय कई वर्षों से बंद पड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ टोंक खुर्द

टोंक खुर्द में सार्वजनिक शौचालय कई वर्षों से बंद पड़ा है संबंधित विभाग अपनी कुंभकर्णीय नींद में सोया हुआ है शौचालय बंद पड़ा हुआ है इससे आमजन हो रहे हैं। परेशान नगर के मध्य स्थित शक्ति माता चौक एवं पंडित दीनदयाल प्रतिमा के पास एवं सब्जी मार्केट में शौचालय विगत कई वर्षों से बंद पड़ा है। नगर के स्थानीय व्यापारियों को परेशानी खुले में सोच बाथरूम की बदबू का सामना भुगतना पड़ रहा है बदहाली सोच एवं बाथरूम खंडहर में तब्दील हो चुका है। गंदगी का अंबार लगा है। नगर व्यापारियों एवं दुकानदारों द्वारा नगर परिषद पहुंच कर कई बार लिखित आवेदन पत्र जिम्मेदार अधिकारी को प्रस्तुत कर समस्या से भी अवगत करवाया गया लेकिन कोई किसी प्रकार से आज तक भी निराकरण नहीं हो पाया।सूत्रों से जानकारी प्राप्त अनुसार स्थापित निर्मित शौचालय एवं बाथरूम की लाखों की राशि निकाली गई संबंधित विभाग द्वारा जिम्मेदार लोगों ने आज दिनांक तक शौचालय एवं बाथरूम में ताला लगा हुआ है। जब पत्रकारों ने जिम्मेदार नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राकेश वैद्य से इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे संज्ञान में आज मामला आया है। मैं शासन से निःष्पक्ष जांच करवाऊंगा।

महिदपुर की 21 ग्राम पंचायतों को मिले पेयजल टैंकर

# हर गांव तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना प्राथमिकता -जैन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड।



विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संकट से प्रभावित ग्रामीणों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार को कृषि उपज मंडी महिदपुर रोड पर जल सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक दिनेश जैन बोस ने क्षेत्र की 21 ग्राम पंचायतों को पेयजल टैंकर उपलब्ध कराकर ग्रामीणों को बड़ी राहत दी।

कार्यक्रम के अंतर्गत आक्यालिम्बा (ठिकरिया), बपैया, बरुखेड़ी, बैलाखेड़ा, घाट पिपलिया, ब्राह्मणखेड़ा, लसुडिया मंसूर, शक्करखेड़ी, टीपूखेड़ा (बोलखेड़ा घाट), खेड़ा मद्दा, बागनी, गैलाखेड़ी, धुलेट, बिसलखेड़ी, लसुड़िया नाहटा, कोयल, काजीखेड़ी, बैजनाथ (झरखेड़ी), जलोदिया जागीर, रजला (बछोड़ा) एवं रानी पिपलिया (भटेरा) ग्राम पंचायतों के लिए पेयजल टैंकर वितरित किए गए।

इस अवसर पर विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि भीषण गर्मी एवं जल संकट की स्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों तक समय पर पेयजल पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और किसी भी ग्राम पंचायत में पेयजल की कमी नहीं होने दी जाएगी।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने पेयजल संकट के समाधान के लिए किए गए इस प्रयास पर विधायक दिनेश जैन बोस का आभार व्यक्त किया।

### जनसेवा ही प्रमुख लक्ष्य

विधायक बोस ने कहा कि जनसेवा ही उनका प्रमुख लक्ष्य है तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर कार्यरत हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायतों को टैंकर उपलब्ध कराए गए हैं, वहां नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



## सांसद सोलंकी ने किया फोर लेन रेलवे ब्रिज का निरीक्षण

मक्सी। महेन्द्र सिंह सोलंकी शाजापुर देवास सांसद ने फोर लेन रेलवे ब्रिज का निरिक्षण किया डॉक्टर रवि पांडे शाजापुर भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल भाजपा मक्सी मंडल अध्यक्ष मोड़ सिंह लोधी भाजपा मक्सी मंडल महामंत्री नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नानू पंड्या, राजेश गुप्ता, नरेंद्र भावसार कृष्णा भावसार ओम चौधरी पार्षद दिलीप लोधी पार्षद मोहसिन खान पार्षद मुकीम खान पार्षद सुनील लोधी पवन केरवाल पवन परिहार अमित सोनी हितेश पाटीदार हर्षित भट्ट अशोक चौधरी राधेश्याम देवड़ा भरत पटेल इरशाद खान आदि थे।

## शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जारी, धार्मिक अनुष्ठानों में जुटे श्रद्धालु



**सुसनेर।** नगर में डाक बंगले के समीप, परसुलिया रोड स्थित पुष्पशक्ति विहार कॉलोनी के श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर में नवनिर्मित शिवजी के मंदिर का कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है। बुधवार, 8 जुलाई से शुरू हुए इस पांच दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक और वैदिक अनुष्ठान संपन्न किए जा रहे हैं। पंडित वेदप्रकाश भट्ट एवं पंडित गोविंद शर्मा के सानिध्य में आयोजित हो रहे इस महोत्सव के दूसरे दिन सुबह से ही यज्ञशाला में मंत्रोच्चार और आहुतियों का दौर जारी रहा । शिव परिवार की नूतन प्रतिमाओं के विशेष पूजन विधान किए जा रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन में पुष्पशक्ति विहार कॉलोनी सहित सुसनेर नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर दर्शन और सेवा का पुण्य लाभ ले रहे हैं। गुरुवार को पांच जोड़ों के माध्यम से मंत्रोच्चार के बीच हवन में करीब 15000 आहुतियां दी गई। मंदिर समिति के आयोजकों ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य और अंतिम आयोजन 12 जुलाई 2026, रविवार को होगा। इस दिन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हुति एवं महाआरती संपन्न होगी। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे से महादेव के भव्य दर्शन आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन प्रारंभ हो जाएंगे। मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर दर्शन का पुण्य लाभ लेने की विनम्र अपील की है।

## अमृत 2.0 योजना के तहत नगर परिषद परिसर में हुआ पौधारोपण




**सुसनेर।** नगर परिषद सुसनेर द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत गुरुवार को नगर परिषद परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नगर में हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने तथा नागरिकों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, पार्षद युगल परमार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश घनश्याम शर्मा, मुकेश तिवारी, संतोष बैरागी, रामप्रसाद व्यास, कथावाचक गोविंद शर्मा, पंडितगण, नगर के पुजारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा नगरवासियों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि अमृत 2.0 योजना के तहत नगर को स्वच्छ, हरित और सुंदर बनाने के लिए ऐसे जनभागीदारी आधारित अभियान लगातार चलाए जाएंगे, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# झांसा देकर साइबर ठगी करने वाला आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

- 1,50,000 रु नगद, 1 मोबाइल, 2 सिम कार्ड जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आमजन को साइबर ठगी से सुरक्षित रखने हेतु थाना प्रभारी कालीपीठ के नेतृत्व में पुलिस ने साइबर ठगी के एक महत्वपूर्ण प्रकरण का खुलासा करते हुए आरोपी को उत्तर प्रदेश के झांसी जिले से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 1,50,000 रु नगद, 1 मोबाइल फोन एवं 2 सिम कार्ड बरामद किए है। फरियादी मुकेश पिता इमरत गिर, 32 वर्ष निवासी ग्राम लहरचा ने थाना कालीपीठ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ड्राइवरी का कार्य करता है तथा काम के सिलसिले में टोंक राजस्थान गया था। उसकी अनुपस्थिति में उसकी पत्नी मौसमबाई के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्तियों ने फोन कर स्वयं को शासकीय योजना से संबंधित बताते हुए कहा गया कि बीपीएल सूची में नाम आने पर 8 लाख रु नगद एवं एक पल्सर मोटरसाइकिल प्रदान की जाएगी। आरोपियों ने योजना का लाभ दिलाने के नाम पर अलग-अलग मोबाइल नंबरों एवं फोनपे के माध्यम से किस्तों में राशि जमा करवाई। जब ऑनलाइन भुगतान की सीमा समाप्त हुई



तो फरियादी की पत्नी ने कालीपीठ स्थित कंप्यूटर सेंटर के माध्यम से भी राशि ट्रांसफर करवाई। इस प्रकार आरोपियों ने छलपूर्वक कुल 1,50,017 रु की साइबर ठगी कर ली। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कालीपीठ में अपराध क्रमांक 141/2026 अंतर्गत धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना कालीपीठ पुलिस ने विशेष टीम गठित की. टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल ट्रांजेक्शन, बैंक खातों, मोबाइल नंबरों एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी फर्जी सिम कार्ड एवं बैंक खातों का उपयोग कर भोले-भाले लोगों को सरकारी योजनाओं का झांसा देकर साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। बेहतर तकनीकी विवेचना एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन जनपद झांसी उत्तर प्रदेश में प्राप्त हुई। पुलिस टीम तत्काल उत्तर प्रदेश रवाना हुई तथा स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश देकर आरोपी राघवेंद्र पिता रामस्वरूप कुशवाहा 26 वर्ष निवासी ग्राम खजराहा, थाना उल्दन जिला झांसी उ.प्र. को गिरफ्तार किया। ट्रांजिट प्रक्रिया पूर्ण कर आरोपी को राजगढ़ लाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से 1,50,000 रु नगद, 1 मोबाइल फोन एवं 2 सिम कार्ड बरामद किए गए। प्रकरण में आरोपी से पूछताछ जारी है। साइबर ठगी से जुड़े अन्य आरोपियों, फर्जी बैंक खातों, फर्जी सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों एवं पूरे नेटवर्क के संबंध में विस्तृत विवेचना की जा रही है।

## निकनेम 'शिखु' ने खींचा ध्यान

# जाह्नवी कपूर की मेहंदी में दिखा बॉयफ्रेंड का नाम



अंशुला कपूर के वेडिंग रिसेप्शन में जाह्नवी कपूर अपने लुक के साथ-साथ मेहंदी को लेकर भी चर्चा में रहीं। उन्होंने डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की सिल्क साड़ी को स्ट्रैपलेस ब्लाउज के साथ पहना था। उनका यह लुक सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया गया।

जाह्नवी ने इंस्टाग्राम पर रिसेप्शन की कई तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में उनकी मेहंदी पर 'शिखु' नाम लिखा नजर आया। 'शिखु' उनके बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया का निकनेम है। यह नाम मेहंदी के डिजाइन में बारीकी से लिखा गया था। वहीं, अंशुला कपूर के वेडिंग रिसेप्शन में जाह्नवी कपूर का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें उन्होंने ढोल बजाया। बता दें कि 2024 में फिल्म 'मैदान' की स्क्रीनिंग के दौरान वह 'शिखु' नाम का नेकलेस पहनकर पहुंची थीं। गौरतलब है कि हाल ही में सोशल मीडिया पर जाह्नवी की एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें वे एक अनोखा नाइटसूट पहने नजर आ रही हैं। इस नाइटसूट पर शिखर पहाड़िया के नाम का एक मैसेज भी लिखा था। इस फोटो में जाह्नवी ने पिंक कलर का नाइटसूट और ग्रे जैकेट पहना हुआ था। उनके नाइटसूट पर अंग्रेजी में लिखा है, 'इफ लॉस्ट, प्लीज रिटर्न टू शिखर पहाड़िया' यानी 'अगर गुम हो जाऊं, तो कृपया शिखर पहाड़िया के पास लौटा दें।'

## परिवार के करीबी हैं शिखर पहाड़िया

शिखर को अक्सर कपूर परिवार के निजी कार्यक्रमों में देखा जाता है। वे न केवल जाह्नवी के साथ वेकेशन पर जाते हैं, बल्कि अक्सर मंदिरों के दर्शन के लिए भी परिवार के साथ नजर आते हैं। जाह्नवी ने अप्रैल 2024 में 'कॉफी विद करण' के एक एपिसोड में इशारों में बताया थी कि वह किसी के साथ रिलेशनशिप में हैं। जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया बचपन से एक-दूसरे को जानते हैं। दोनों के रिश्ते की खबरें 2016 में सामने आई थीं। 2018 में दोनों के अलग होने की चर्चा भी हुई, लेकिन 2023 से उन्हें कई मौकों पर साथ देखा गया। दोनों अनंत अंबानी के शादी समारोह, पार्टियों, वेकेशन और तिरुपति मंदिर में भी साथ नजर आए हैं।

# दृश्यम 3 का नया नैरेटिव तैयार, शैतान 2 पर लगा ब्रेक



अजय देवगन की आगामी फिल्मों को लेकर इंडस्ट्री में लगातार चर्चा बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार...फिलहाल उनका फोकस कई अलग-अलग प्रोजेक्ट्स पर है। इनमें धमाल 4, दृश्यम 3, गोलमाल फ्रेंचाइज की अगली फिल्म और हाल ही में टीजर के बाद चर्चा में आई चौहान शामिल हैं।

वहीं, हॉरर-थ्रिलर शैतान के सीक्वल को लेकर फिलहाल किसी सक्रिय प्रगति की जानकारी सामने नहीं आई है। सूत्रों का यह भी कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में अजय देवगन ने खुद को सिर्फ एक्शन फिल्मों तक सीमित नहीं रखा है। उनकी मौजूदा फिल्म लाइनअप में कॉमेडी, इन्वेस्टिगेशन थ्रिलर, हॉरर और ड्रामा जैसी अलग-अलग शैलियों की फिल्में शामिल हैं, जो एक अभिनेता के रूप में उनके विविध प्रयोगों को दशार्ती हैं।

शैतान 2 फिलहाल सक्रिय डेवलपमेंट में नहीं है। फिल्म की शूटिंग या प्री-प्रोडक्शन को लेकर अभी तक कोई नई गतिविधि सामने नहीं आई है। इसी बीच खबर है कि अजय देवगन निर्देशक रोहित जुगराज की एक बड़े बजट की अनटाइटल्ड हॉरर फिल्म से इस जॉनर में वापसी की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक...फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन चरण में है और इसकी शूटिंग जुलाई 2026 से शुरू होने की संभावना है। निर्माण कुमार मंगत पाठक कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म पारंपरिक भूतिया कहानियों से अलग गॉथिक हॉरर की शैली में होगी और इसकी कहानी लंदन की पृष्ठभूमि पर आधारित रहेगी। सूत्रों का दावा है कि अजय देवगन इसमें एक रहस्यमयी और अलौकिक शक्तियों वाले किरदार में नजर आएंगे, जिसके लिए उनके लुक पर भी विशेष काम किया जा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि रोहित जुगराज ने अपने करियर की शुरूआत राम गोपाल वर्मा के साथ की थी और 2003 की फिल्म भूत में सहायक निर्देशक रहे थे।

फिल्म ह्यदृश्यम 3ह्ल की शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। बताया जा रहा है कि एडिटिंग, बैकग्राउंड स्कोर और अन्य तकनीकी कार्य तेजी से चल रहे हैं। हालांकि निमार्ताओं ने अभी तक इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक...ह्यइस बार हिंदी संस्करण की कहानी मलयालम ह्यदृश्यम 3ह्ल से अलग विकसित की गई है।






# फिल्म धमाल 4 के प्रमोशन में जुटी टीम रिलीज से पहले होगा बड़ा प्रमोशनल

अजय देवगन की ह्यधमाल 4ह्ल रिलीज से पहले प्रमोशनल चरण में पहुंच चुकी है। सूत्रों के अनुसार...ह्यफिल्म की टीम लगातार प्रचार गतिविधियों में हिस्सा ले रही है। अजय देवगन के साथ रितेश देशमुख, अरशद वारसी, रवि किशन समेत अन्य कलाकार भी विभिन्न प्रमोशनल इवेंट्स में नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म को फैमिली ऑडियंस तक पहुंचाने के लिए ऑन-ग्राउंड इवेंट्स के साथ-साथ डिजिटल प्रमोशन पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है ह्ल सूत्रों के मुताबिक...ह्यफिल्म की रिलीज डेट पहले तय कार्यक्रम में बदलाव के बाद 10 जुलाई कर दी गई। इंडस्ट्री में इसे बॉक्स ऑफिस रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है, हालांकि मेकर्स ने रिलीज डेट में बदलाव की वजह पर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है ह्ल यह एक बड़े बजट की फिल्म है।

इसकी शूटिंग जुलाई 2026 से शुरू होने की संभावना है। निर्माण कुमार मंगत पाठक कर रहे हैं। इसकी कहानी लंदन की पृष्ठभूमि पर बेस्ड होगी

# Sport

# अंडर-19: श्रीलंका ने भारत को हराया, तीन वनडे मैचों की सीरीज 2-1 से जीती

## श्रीलंका ने आखिरी ओवर में भारत के मुंह से जीत छीन ली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



श्रीलंका अंडर-19 ने तीसरे यूथ वनडे में भारत को 1 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने वीके विनीत के शतक और लक्ष्य रायचंदानी के अर्धशतक की बदौलत 50 ओवर में 8 विकेट पर 290 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने 291 रन का लक्ष्य आखिरी गेंद पर 9 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

हम्बनटोटा में खेले गए इस मुकाबले में मेजबान श्रीलंका ने आखिरी ओवर में भारत के मुंह से जीत छीन ली। अंतिम ओवर में श्रीलंका को जीत के लिए 11 रन चाहिए थे और उसके हाथ में सिर्फ एक विकेट बचा था। दबाव के बावजूद टीम ने लक्ष्य हासिल कर मैच के साथ सीरीज भी अपने नाम कर ली।

भारत के लिए वीके विनीत ने शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 136 गेंदों पर 13 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 131 रन बनाए। लक्ष्य रायचंदानी ने 63 गेंदों पर 7 चौकों के साथ 61 रन का योगदान दिया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी कर भारतीय पारी को संभाला।

# ब्रिटेन के आर्थर फेरी पहली बार विंबलडन सेमीफाइनल में

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ब्रिटेन के वाइल्डकार्ड आर्थर फेरी ने विंबलडन 2026 में उलटफेर करते हुए पहली बार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे। 114वीं रैंक वाले फेरी ने इटली के 9वीं सीड फ्लावियो कोबोली को 6-4, 7-6 (7-4), 6-0 से हराया।

23 साल के फेरी विंबलडन पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ दूसरे वाइल्डकार्ड खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले 2001 में गोरान इवानिसेविच ने यह उपलब्धि हासिल की थी। उन्होंने उसी साल खिताब भी जीता था। फेरी का सेमीफाइनल में फ्रेंच ओपन चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव से सामना होगा।सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में फेरी ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने पहला सेट 6-4 से जीता। इसके बाद दूसरे सेट का टाई-ब्रेक 7-4 से अपने नाम किया। फिर तीसरा सेट में 6-0 से हराकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। यह फेरी के करियर का पहला ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल था। 2026 में यह दूसरी बार है जब आर्थर फेरी ने किसी ग्रैंड स्लैम में फ्लावियो कोबोली को हराया है।

## पैराग्वे की मंत्री ने फ्रांसीसी फुटबॉल कप्तान को गाली दी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे और पैराग्वे की सीनेटर सेलेस्टे अमारिला के बीच विवाद और गहरा गया है। अमारिला ने अब एम्बाप्पे को पिल्ला कहा है। उन्होंने अपने पहले दिए गए बयानों पर माफी मांगने से इनकार किया है। अमारिला ने बुधवार को स्पेन के अखबार से कहा- जब ऑरलैंडो गिल, जो शायद पहली बार वर्ल्ड कप खेल रहा था और पहली बार यूरोप आया था। दुनिया के सामने पूरी विनम्रता के साथ एक पैराग्वेयन की तरह अपना हाथ बढ़ाता है, तब वह सन ऑफ बिच उससे हाथ मिलाने से इनकार कर देता है। यह फ्रांसीसी संस्कृति नहीं है। कोई भी असली फ्रांसीसी ऐसा कभी नहीं करता। अमारिला पहले से एम्बाप्पे पर नस्लीय टिप्पणी को लेकर विश्व स्तर पर आलोचना झेल रही हैं।

# क्रिकेट के घर लॉर्ड्स पर पहली बार महिला टेस्ट, अजेय भारत की चुनौती

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले ऐतिहासिक लॉर्ड्स पर शुक्रवार से एक नया इतिहास रचा जाने वाला है। 142 साल के लंबे इंतजार के बाद पहली बार यहां महिला टेस्ट खेला जाएगा।

इस ऐतिहासिक मुकाबले में भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम और नैट स्कीवर-ब्रंट की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम इस पल को यादगार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। क्रिकेट फैंस के लिए यह मुकाबला किसी रोमांच से कम नहीं होगा।

पुरुषों के पहले टेस्ट के 142 साल बाद यहां महिला टेस्ट हो रहा है। 1937 से अब तक इंग्लैंड की महिला टीम ने 19 अलग-अलग मैदानों पर 55 टेस्ट खेले हैं, लेकिन लॉर्ड्स अछूता रहा। जून 2023 में क्रिकेट में समानता आयोग की एक रिपोर्ट में लॉर्ड्स में महिलाओं का टेस्ट न होने को शर्मनाक बताया गया था। रिपोर्ट में कहा गया था- क्रिकेट का घर (लॉर्ड्स) अब भी पुरुषों का ही घर है। इसके बाद ही बोर्ड जागा और ऐतिहासिक मैच तय हुआ।

पुरुषों की तुलना में महिला टेस्ट के नियमों में सबसे बड़ा अंतर दिनों की संख्या का है। पुरुष टेस्ट पांच दिनों का होता है। महिला टेस्ट चार दिनों तक ही खेला जाता है। हालांकि, इतिहास में पांच दिन के दो महिला टेस्ट भी हुए हैं। महिला टेस्ट में एक दिन में कम से कम 100 ओवर फेंके जाने का नियम है, जबकि पुरुषों में यह 90 ओवर का होता है। महिला टेस्ट में फॉलोऑन 200 रनों की बजाय 150 रनों की बढ़त पर दिया जा सकता है। टेस्ट में भारत का पलड़ा भारी है। भारत ने 1995 के बाद से इंग्लैंड से कोई टेस्ट नहीं हारा है। इंग्लैंड की धरती पर तो भारत अब तक अजेय है। 9 टेस्ट में से 2 जीते हैं और 7 ड्रॉ रहे हैं।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क 9827820470

**आवश्यकता है**
टाइपिस्ट की आवश्यकता है समय रात्रि 7:30 से 10:30 तक वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क करें एडवोकेट विजय पटेल मीणा समाज धर्मशाला काजीपुरा अंकपत मार्ग उज्जैन मोबाइल- 9301322699

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार (समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें। 9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### प्लॉट बेचने के नाम पर 18 लाख की ठगी रजिस्ट्री नहीं की, पैसे लौटाने से भी किया इनकार

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने प्लॉट बेचने के नाम पर 18.75 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में यूनाइटेड इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि कंपनी के पदाधिकारियों ने महिला से रुपए लेने के बाद न तो प्लॉट की रजिस्ट्री की और न ही रकम लौटाई। पुलिस अब आरोपियों से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच कर रही है। क्राइम ब्रांच ने यशवंत निवास रोड निवासी वनिता डांगी की शिकायत पर यूनाइटेड इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर त्रिलोकी प्रसाद गुप्ता, अनीता गहलोत और कंपनी से जुड़े एक अन्य आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायत के मुताबिक, अप्रैल 2024 में वनिता डांगी सुपर कॉरिडोर स्थित ऑर्चर्ड पार्क में प्लॉट देखने गई थीं। वहां उनकी मुलाकात त्रिलोकी प्रसाद गुप्ता और अनीता गहलोत से हुई। दोनों ने खुद को कंपनी का डायरेक्टर बताते हुए प्लॉट नंबर ख-16 दिखाया, जिसका क्षेत्रफल करीब 1000 वर्गफीट बताया गया।

### खेलते समय संतुलन बिगड़ने पर छत से गिरकर 12 वर्षीय छात्रा की मौत

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के कुंदन नगर में एक हादसे में 12 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। मासूम अपने घर की छत पर खेल रही थी, तभी संतुलन बिगड़ने से दूसरी मंजिल से नीचे गिर पड़ी। गंभीर रूप से घायल छात्रा को अस्पताल ले जाया गया, यहां इलाज से पहले ही उसकी मौत हो गई। बालिका का नाम जान्हवी यादव (12) पिता मुकेश यादव निवासी कुंदन नगर है। वह 6वीं की छात्रा थी। बुधवार शाम करीब 5 बजे वह घर की छत पर खेल रही थी। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह दूसरी मंजिल की छत से नीचे गिर गई। हादसे के बाद परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि परिजन उसे निजी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही जान्हवी ने दम तोड़ दिया। द्वारकापुरी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच कर रही है। नजदीकी लोगों ने बताया कि जान्हवी के भाई की कुछ समय पहले मौत हो चुकी है।

### साइकिल सवार बच्चे को बाइक ने मारी टक्कर सीसीटीवी के आधार पर होगी एफआईआर

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर बच्चा सड़क हादसे में घायल हो गया। नगीन नगर इलाके में साइकिल चला रहे बच्चे को बाइक सवार दो युवकों ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एरोड्रम थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि हादसा बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे हुआ। घायल बच्चे की पहचान 13 वर्षीय हर्ष नामदेव के रूप में हुई है। टक्कर के बाद बाइक सवार युवक मौके पर ही रुक गए। आसपास के लोगों की मदद से घायल बच्चे को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने घायल बच्चे और उसके पिता कुंदन नामदेव के बयान दर्ज कर लिए हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में गुरुवार को बाइक सवार दोनों युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रूपसिंह छड़ोंदी पीथमपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त, काफी समय से खाली था पद

**पीथमपुर।** पीथमपुर शहर कांग्रेस कमेटी में लंबे समय से रिक्त चल रहे अध्यक्ष पद पर नियुक्ति कर दी गई है। धार जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी ने बुधवार दोपहर सांगठनिक आदेश जारी करते हुए वरिष्ठ नेता और वार्ड नंबर 26 के पार्षद प्रतिनिधि रूप सिंह छड़ोंदी को पीथमपुर शहर कांग्रेस कमेटी का नया नगर अध्यक्ष नियुक्त किया। उल्लेखनीय है कि पीथमपुर में शहर अध्यक्ष का पद काफी समय से खाली था, जिसके चलते स्थानीय स्तर पर लगातार नया अध्यक्ष बनाने की मांग उठ रही थी। इससे पूर्व इस पद पर बंशी वर्मा जिम्मेदारी संभाल रहे थे। नवनियुक्त अध्यक्ष छड़ोंदी क्षेत्र के अनुभवी नेता हैं और वे दो बार पार्षद भी रह चुके हैं। उनकी सांगठनिक पकड़ और सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति पर नवनियुक्त नगर अध्यक्ष रूप सिंह छड़ोंदी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और जिला संगठन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### सुखराम मोरी बने झाबुआ भाजपा के जिला मंत्री, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**झाबुआ।** भारतीय जनता पार्टी ने सुखराम मोरी को झाबुआ भाजपा का नया जिला मंत्री नियुक्त किया है। घोषणा के बाद गुरुवार को सारंगी स्थित भाजपा कार्यालय पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। नियुक्ति की खबर मिलते ही स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और नवनियुक्त जिला मंत्री को बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्वागत समारोह के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक ढोल-धमाकों, जोरदार आतिशबाजी और गगनभेदी नारेबाजी के साथ नवनियुक्त जिला मंत्री सुखराम मोरी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष पप्पूलाल गामड़ सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति को संगठन का एक बेहद महत्वपूर्ण और सराहनीय निर्णय बताया।

### नाले से अज्ञात महिला का शव मिला, गले पर कपड़ा बंधा, सिर पर चोट के निशान मिले

**धार।** धार के कोतवाली थाना क्षेत्र में इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन के तुर्कबगड़ी बायपास स्थित जेतपुरा वेयर हाउस के आगे शुक्रवार को एक अज्ञात महिला का शव मिला। सड़क के नीचे बने नाले में शव पड़े होने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। महिला का शव नाले में औंधे मुंह पड़ा था। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। जांच के दौरान महिला के गले पर कपड़ा बंधा मिला, जबकि सिर पर भी चोट के निशान दिखाई दिए। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस आसपास के क्षेत्र में पूछताछ करने के साथ ही मृतका की पहचान के प्रयास कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि महिला घटनास्थल तक कैसे पहुंची और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई।

### कलेक्टर ने शहर में चल रहे विकास कार्यों को देखा, गंदगी पर नाराजगी जताई

**धार।** धार शहर में शुक्रवार को कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने अचानक सड़कों पर उतरकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के विकास कार्यों, खाली शासकीय भूमि, स्वच्छता व्यवस्था और निमार्णाधीन परियोजनाओं की हकीकत परखी। इस दौरान उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरूआत नवीन लालबाग के सामने स्थित खाली शासकीय भूमि से हुई। कलेक्टर मीना ने जोर देकर कहा कि सरकारी जमीन का उपयोग इस तरह से होना चाहिए, जिससे शहर और आम लोगों को दीर्घकालिक लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों को जल्द कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने शहर में जर्जर हो चुके सरकारी भवनों की सूची बनाने और उनके स्थान पर नए निर्माण की तैयारी करने का भी निर्देश दिया। कलेक्टर ने किला मैदान के सामने खाली पड़ी जमीन का भी जायजा लिया। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनहित की योजनाओं को विकसित करने की संभावनाएं तलाशीं और अधिकारियों को इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मैदान के आसपास गंदगी मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने नगर पालिका को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत करने और पूरे शहर में नियमित सफाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

---

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी को पुलिस हिरासत में लेने का मामला तूल पकड़ता दिख रहा

# 3 साल पहले ड्रग्स लेता था, कांग्रेस अध्यक्ष का भाई होना ही मेरी गलती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी को पुलिस हिरासत में लेने का मामला तूल पकड़ता दिख रहा है। पार्टी इसे सियासी एंगल देने के मूड में है। शुक्रवार को जीतू और नाना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध बताया।

इस दौरान नाना पटवारी ने स्वीकार किया कि वे 3 साल पहले तक ड्रग्स का सेवन करते थे, लेकिन रिहैब सेंटर में इलाज के बाद उन्होंने नशा पूरी तरह छोड़ दिया है। उन्होंने कहा- मेरी गलती सिर्फ इतनी है कि मैं जीतू का भाई हूं। वहीं, जीतू ने कहा- राज्य सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर विपक्ष को निशाना बना रही है। नाना का ड्रग तस्करी मामले से कोई संबंध नहीं



है। उन्हें हिरासत में लेकर परेशान किया गया।

दरअसल, इंदौर की राजेंद्र नगर पुलिस ने गुरुवार को नाना पटवारी को हिरासत में लिया था। पुलिस का दावा है कि ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए दो आरोपियों से पूछताछ में नाना का नाम सामने आया था। हालांकि, पूछताछ के बाद देर रात उन्हें छोड़ दिया गया था।

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने पूरे घटनाक्रम को राजनीतिक प्रतिशोध बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर विपक्ष को निशाना बना रही है। उनके भाई का किसी ड्रग्स तस्करी मामले से कोई संबंध नहीं है। इससे पहले गुरुवार को इंदौर के डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत ने बताया था कि राजेंद्र नगर पुलिस ने रेतमंडी चौराहा स्थित डी मार्ट के पास से इरफान खान उर्फ गोलू चंदेरी और संजय कौशल उर्फ रॉनी को गिरफ्तार किया था। उनके पास से करीब 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने नाना पटवारी और मानव गंगवानी का नाम लिया। इसके बाद पुलिस ने नाना और मानव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। डीसीपी रावत ने बताया कि मामले में कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सबूतों की जांच की जा रही है। जांच में जिसकी भूमिका सामने आएगी, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**गिरफ्तार लोगों से मेरा कोई संबंध नहीं**

नाना पटवारी ने कहा कि उनकी गलती केवल इतनी है कि वे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई हैं। उन्होंने दावा किया कि ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों से उनका कोई संबंध या लेन-देन नहीं है। नाना ने बताया कि वे अपनी कार की सर्विसिंग कराने गए थे, तभी पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई। थाने में उनसे केवल नाम पूछा गया और हिरासत में लेने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। उनका आरोप है कि पुलिस पूरे दिन उन्हें शहर में इधर-उधर घुमाती रही और देर रात छोड़ दिया। नाना पटवारी ने बताया कि उनकी गाड़ी संजय कौशल उर्फ रॉनी के सर्विस सेंटर में धुलती है। यहां गोलू भी काम करता है। पुलिस ने उनसे संजय कौशल और इरफान के बारे में पूछताछ की, जो कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं और चुनाव में काम कर चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस स्कॉर्पियो वाहन की चर्चा हो रही है, वह संजय कौशल उर्फ रॉनी का है और उसमें मिले किसी भी सामान से उनका कोई संबंध नहीं है।

# शिशुकुंज फूड पॉइजनिंग की जांच रिपोर्ट 3 हफ्ते बाद भी नहीं आई

## इंदौर में 9 करोड़ की लैब फिर भी भोपाल पर निर्भर, सैंकड़ों सैंपलों की रिपोर्ट पेंडिंग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के शिशुकुंज स्कूल में भोजन करने के बाद करीब 150 बच्चों के बीमार पड़ने की घटना ने खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि घटना के करीब तीन सप्ताह बाद भी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बच्चों के बीमार होने की वजह भोजन में मिलावट, खराब डेयरी उत्पाद या कोई अन्य कारण था। इसकी वजह यह है कि जांच के लिए भेजे गए खाद्य नमूनों की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है।

20 जून को शिशुकुंज स्कूल में भोजन करने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। 22 जून को मामला सामने आने के बाद प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने स्कूल के किचन और मेस का निरीक्षण किया। जांच के दौरान 10 पैकेट एक्सपायरी डेट के मसाले और दो एक्सपायर्ड नमकीन के पैकेट मिले। अधिकारियों ने मौके पर ही किचन को सील कर दिया और पनीर, आइसक्रीम, दूध, दाल, कोफ्ते, चावल, रोटी, मसाले तथा पेयजल सहित कुल 23



खाद्य नमूने जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे। मामले में प्रकरण भी दर्ज किया गया। जांच के दौरान एक बड़ी खामी भी सामने आई। जानकारी के अनुसार घटना वाले दिन बच्चों ने जिस बैच की आइसक्रीम खाई थी, उसका सैंपल नहीं लिया जा सका क्योंकि वह पूरी तरह खत्म हो चुकी थी और उसकी जगह दूसरा बैच आ चुका था। ऐसे में यह पता लगाना लगभग असंभव हो गया है कि बच्चों के बीमार होने की वजह वही आइसक्रीम थी या नहीं। सूत्रों के मुताबिक जनवरी से अब तक इंदौर से विभिन्न स्कूलों, होटलों और प्रतिष्ठानों से लिए गए सैकड़ों खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट भोपाल स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला में लंबित है। इनमें शिशुकुंज स्कूल के सैंपल भी शामिल हैं। रिपोर्ट में हो रही देरी के कारण कई मामलों में कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है।

### डेयरी उत्पादों पर टिकी जांच

जांच अधिकारियों का शुरू से मानना रहा है कि केवल एक्सपायर्ड मसाले या नमकीन इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के बीमार पड़ने का मुख्य कारण नहीं हो सकते। इसी कारण जांच का फोकस डेयरी उत्पादों पर रखा गया। विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी के मौसम में यदि कोल्ड स्टोरेज या फ्रीजर का तापमान निर्धारित स्तर पर नहीं रखा जाए तो दूध, पनीर और आइसक्रीम जैसे उत्पाद तेजी से खराब हो जाते हैं। ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से उल्टी-दस्त और पेट संबंधी संक्रमण बड़ी संख्या में फैल सकते हैं।

### रिपोर्ट नहीं तो कार्रवाई कैसे?

खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार सैंपलिंग और जांच अभियान चलाने का दावा करता है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि लैब रिपोर्ट के बिना मिलावट या खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन को कानूनी रूप से साबित करना संभव नहीं होता। ऐसे में दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई अधूरी रह जाती है और जांच लंबी खिंचती रहती है।

स्वास्थ्य विभाग का बड़ा एक्शन

# 166 मेडिकल स्टाफ के अटैचमेंट तत्काल प्रभाव से समाप्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

स्वास्थ्य विभाग ने इंदौर में बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए 166 मेडिकल स्टाफ के अटैचमेंट तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिए हैं। सभी को जिला अस्पताल में पदस्थ करते हुए तत्काल ज्वाइन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया।

जिन कर्मचारियों के अटैचमेंट समाप्त किए गए हैं उनमें डॉक्टर्स, नर्सिंग ऑफिसर्स, बीईई, लैब टेक्नीशियन, लैब असिस्टेंट, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, डार्क रूम अटेंडेंट, वार्ड बॉय और स्वीपर सहित विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारी शामिल हैं।

ये कर्मचारी लंबे समय से इंदौर जिले के विभिन्न अस्पतालों, संजीवनी केंद्रों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में अटैच होकर कार्यरत थे। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी



ने बताया कि जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग में जल्द ही स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की जानी हैं। इसके लिए आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराने की तैयारी के तहत यह निर्णय लिया गया है।

सभी संबंधित कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से जिला अस्पताल में ज्वाइन करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। अचानक हुए इस बड़े फैसले के बाद स्वास्थ्य विभाग में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। माना जा रहा है कि नई जिला अस्पताल बिल्डिंग के संचालन को गति देने के लिए यह अब तक की सबसे बड़ी प्रशासनिक पुनर्व्यवस्था है।

बेलदार असलम खान को झटका

# करोड़ों की सोने की ज्वेलरी लौटाने के आदेश पर हाई कोर्ट की रोक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ पीथमपुर**

वर्ष 2018 में लोकायुक्त के चर्चित छापे में करोड़ों रुपए की संपत्ति मिलने के बाद सुर्खियों में आए नगर निगम के तत्कालीन बेलदार असलम खान को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंट से बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने जिला कोर्ट द्वारा जब्त सोने की ज्वेलरी लौटाने संबंधी आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

साथ ही स्पष्ट किया है कि अंतिम निर्णय होने तक सभी आभूषण लोकायुक्त की कस्टडी में ही सुरक्षित रहेंगे। लोकायुक्त संगठन ने अगस्त 2018 में असलम खान के ठिकानों पर छापा मारकर आय से अधिक संपत्ति का खुलासा किया था। एक निम्न श्रेणी के कर्मचारी के यहां से मिली संपत्ति ने जांच एजेंसियों को भी चौंका दिया था। कार्रवाई के दौरान करीब दो किलोग्राम सोने के आभूषण, लगभग एक किलोग्राम सोने की सिल्लियां (बार) और अन्य कीमती सामान बरामद किया गया था। इस कार्रवाई के बाद असलम खान का मामला प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया था। मामले में असलम खान ने जिला कोट में आवेदन प्रस्तुत कर दावा किया था कि छापे के दौरान उसकी पुत्रियों सिदरा खान, ताहेमीन खान और अलिस्बा खान और उसकी मां बिलकिस खान के निजी आभूषण भी जब्त कर लिए गए थे।

राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम की बेल पर सुप्रीम कोर्ट में सवाल, बड़ी बेंच जा सकता है मामला

# टाइपिंग की गलती से गिरफ्तारी अवैध कैसे?

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हनीमून मर्डर केस में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। अदालत ने संकेत दिए कि वह इस कानूनी सवाल को बड़ी बेंच के पास भेज सकती है कि क्या गिरफ्तारी मेमो में केवल टाइपिंग की गलती (टाइपो) होने से गिरफ्तारी अवैध मानी जा सकती है और आरोपी को जमानत मिल सकती है।

जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस श्री चंद्रशेखर की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह इस मुद्दे पर विस्तार से विचार करेगी। साथ ही यह भी जांचेगी कि क्या मेघालय हाईकोर्ट ने केवल टाइपिंग की गलती के आधार पर सोनम रघुवंशी को जमानत देकर सही फैसला किया था। मेघालय सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में



कहा कि यह बेहद गंभीर और सुनियोजित हत्या का मामला है। ऐसे मामले में गिरफ्तारी मेमो में एक टाइपिंग की गलती के आधार पर जमानत देना कानून की गलत व्याख्या है।

उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के समय आरोपी को गिरफ्तारी के आधार उपलब्ध कराए गए थे। मेमो में गलत धारा का उल्लेख केवल एक लिपिकीय (क्लेरिकल) त्रुटि थी।

### हाईकोर्ट ने क्यों दी थी जमानत?

मेघालय हाईकोर्ट ने सोनम रघुवंशी की जमानत इस आधार पर बरकरार रखी थी कि पुलिस गिरफ्तारी के उचित लिखित आधार उपलब्ध नहीं करा सकी। अदालत ने यह भी कहा था कि गिरफ्तारी मेमो में भारतीय न्याय संहिता की हत्या से जुड़ी धारा 103(1) की जगह गलती से धारा 403 लिख दी गई थी। हाईकोर्ट ने इसे जांच एजेंसी की न्यायिक सोच के पूर्ण अभाव का उदाहरण माना था।

### सुप्रीम कोर्ट ने मांगे मूल दस्तावेज

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी के समय लिखित आधार देना कितना जरूरी है, इस पर अलग-अलग फैसले हैं और इस कानूनी सवाल पर स्पष्टता जरूरी है। अदालत ने मेघालय पुलिस को निर्देश दिया कि गिरफ्तारी के समय आरोपी को दिए गए मूल दस्तावेज की स्पष्ट प्रतियां पेश की जाएं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उस समय वास्तव में क्या जानकारी दी गई थी।

# दिग्विजय सिंह की पदयात्रा का स्वागत किया जाना चाहिए: विजयवर्गीय

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

दिग्विजय सिंह की अयोध्या पदयात्रा को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यदि 80 वर्ष की आयु में कोई धार्मिक पदयात्रा कर रहा है तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह आज भी एक बुद्धिमान और सक्रिय नेता हैं तथा कांग्रेस के युवा नेताओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जो नेता हवाई जहाज, कार और साइकिल पर बैठकर रील बनाने में व्यस्त रहते हैं, उन्हें देखना चाहिए कि 80 साल का नौजवान आज भी पैदल चलने को तैयार है। युवाओं को जमीन से जुड़कर राजनीति करने की सीख लेनी चाहिए। आरएसएस को यात्रा में आमंत्रण देने के सवाल पर विजयवर्गीय ने कहा कि यह निर्णय आरएसएस स्वयं करेगा। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी द्वारा ड्रग्स की लत होने और तीन साल पहले छोड़ने संबंधी बयान और हालिया विवाद पर पूछे गए सवालों पर विजयवर्गीय ने सीधे टिप्पणी करने से बचते हुए भी तंज कस दिया। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनका पूरा ध्यान पेड़ लगाओ, पानी बचाओ अभियान पर है। साथ ही मुस्कुराते हुए कहा कि वे जीतू पटवारी को पत्र लिख रहे हैं कि कांग्रेस भी इस अभियान में शामिल होकर पूरे शहर में वृक्षारोपण करे।

# दो लोगों से 1.72 लाख की ठगी

## इंडियामार्ट पर एसी गैस खरीदने और बेटे की गिरफ्तारी का झांसा देकर ऐंठे पैसे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पहली घटना में इंडियामार्ट पर एसी गैस खरीदने के दौरान ऑटो पार्ट्स व्यापारी से 82 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली गई, जबकि दूसरी घटना में खुद को पुलिस अधिकारी बताकर बेटे को रेप केस में गिरफ्तार करने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 90 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस के मुताबिक फरियादी पवनदीप सिंह खनूजा निवासी रानी बाग की कीबे कंपाउंड में खनूजा इंटरप्राइजेज के नाम से ऑटो पार्ट्स की दुकान है। पवनदीप ने बताया कि 2 जून को उन्हें एसी गैस की जरूरत थी। इसके लिए उन्होंने इंडियामार्ट वेबसाइट पर नंबर सर्च किया, जहां श्रुति इंटरप्राइजेज के नाम से कुलदीप अग्रवाल का नंबर मिला। बातचीत के बाद आरोपी ने वॉट्सऐप पर एसी गैस के टिन की फोटो और 220 पीस का इनवॉइस भेजते हुए कीमत 82 हजार रुपए बताई। विश्वास में लेकर आरोपी ने मुंबई के एक बैंक खाते में ऑनलाइन भुगतान करवा लिया। भुगतान के बाद उसने गति इंटरप्राइजेज की फर्जी बिल्टी भी भेज दी, जो बाद में एआई से तैयार की गई नकली बिल्टी निकली।


जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन



स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com